राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 16 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 115 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

फिल्म कैनेडी से सनी लियोन ...8

अमित शाह ने तय कर दिये राजस्थान के बड़े चुनावी मुद्दे

गहलोत-पाइलट जंग पर ली चुटकी, जयपुर धमाका मामले पर भी कांग्रेस को घेरा

जयपुर। राजस्थान में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति गर्मा गयी है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत महंगाई राहत कैम्प लगा रहे हैं, स्वास्थ्य का अधिकार दे रहे हैं वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गहलोत की गद्दी छीनने पर आमादा हैं। तो दूसरी ओर भाजपा की ओर से चुनावी बिगुल फूंकते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक तरह से राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के एजेंडे को आज स्पष्ट कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच कलह को लेकर कांग्रेस पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि जमीन पर पायलट का योगदान अधिक हो सकता है लेकिन कांग्रेस पार्टी का खजाना

भरने में गहलोत का योगदान अधिक है। इसके साथ ही शाह ने कहा, ''पायलट जी कोई भी बहाना करके यहां धरने पर बैठ जाएं मगर समझ लें... आपका नंबर कभी नहीं लगेगा।'' हम आपको बता दें कि अमित शाह शनिवार को भरतपुर में बूथ अध्यक्ष 'संकल्प महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि गहलोत जी ने राजस्थान की जनता को, राजस्थान की सरकार को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर लूटने का काम किया है और भ्रष्टाचार का पैसा कांग्रेस के खजाने में गया है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार राजस्थान में आजादी के बाद आई भ्रष्ट से भ्रष्ट सरकारों में से एक सरकार है। यही नहीं, जयपुर में सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में चार आरोपियों को उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने की ओर इशारा करते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने ढंग से पैरवी नहीं की।

आप नेता राघव चड्ढा बोले– केजरीवाल आधुनिक समय के महात्मा गांधी, भारत को नंबर 1 बनाने के लिए करते रहेंगे संघर्ष

नई दिल्ली। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर सीबीआई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी कर चुकी है। चारा घोटाले में सीबीआई आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करेगी। इस को लेकर आम आदमी पार्टी भाजपा पर जबरदस्त तरीके से आरोप लगा रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और अरविंद केजरीवाल के बेहद करीबी राघव चड्ढा ने बड़ा बयान देते हुए साफ तौर पर कह दिया कि अरविंद केजरीवाल आधुनिक समय के महात्मा गांधी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट हैं तो आज के समय में हर कोई भ्रष्ट हो सकता है। अपने बयान में चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आंदोलन से निकली पार्टी है। हम डरने वाले नहीं हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि हम लोग सड़कों पर लाठियां खाकर हर प्रकार के संघर्ष को

झेला है और एक मुकाम तक पहुंचे हैं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग उस मिट्टी से नहीं बने हैं जो तुम्हारी जांच एजेंसियों से डर जाएं। उन्होंने कहा कि सीबीआई, ईडी, जेल और रेड से हम नहीं डरेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले आंदोलन की कोख से जन्म लेने वाले लोग हैं। मरते दम तक संघर्ष करेंगे। संघर्ष इस देश के अस्तित्व को बचाने के लिए करेंगे। भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने के लिए करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इस बात को कहते हुए कोई संकोच नहीं है कि अरविंद केजरीवाल आधुनिक युग के महात्मा गांधी हैं जिनकी छवि पूरी तरह से बेदाग है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) देश के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है और यही वजह है कि उसे कुचलने के प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए रविवार को तलब किया है। इस पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने कहा कि वह रविवार को एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्ष में 'आप' की तरह किसी भी पार्टी को निशाना नहीं बनाया गया।

नवी मुंबई में 10 लाख रुपये के मादक पदार्थ के साथ अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में 10 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ रखने के आरोप में एक अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने बृहस्पतिवार को उल्वे इलाके में आरोपी को संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा था। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 100 ग्राम प्रतिबंधित मेथाक्वलोन बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि उल्वे इलाके में रहने वाला 36 वर्षीय आरोपी पश्चिम अफ्रीका के गिनी–बिसाऊ का निवासी है और उसके पास भारत में ठहरने के लिए वैध पासपोर्ट एवं वीजा नहीं है।

अरविंद केजरीवाल का केवल एक ही काम है– लूट, खसूट और भ्रष्टाचार, भाजपा का सीधा वार

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले को लेकर राजनीति जारी है। सीबीआई ने इस मामले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरावाल को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसी को लेकर भाजपा ने केजरीवाल पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि आप (अरविंद केजरीवाल) इन सवालों का जवाब क्यों नहीं देते? आप पॉलीग्राफ टेस्ट या लाई डिटेक्टर टेस्ट क्यों नहीं करवाते। उन्होंने कहा कि जैसे ही अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया, जाहिर तौर पर वे डर से कांपने लगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के सरगना हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमने पांच

प्रश्न पूछे हैं, और मैं उन्हें केवल एक का उत्तर देने का साहस करने को कहता हूं। वह इधर–उधर भटकाएंगे और इन सवालों से बच जाएंगे। गौरव भाटिया ने पूछा कि अरविंद केजरीवाल जी, जिस मीटिंग में ये शराब घोटाला रचित किया जाता है उसकी अध्यक्षता आप कर रहे थे... तो आप पर गाज क्यों नहीं गिरनी चाहिए? अरविंद केजरीवाल जी जनता को बताएं कि उनकी समीर महेन्द्रू से बिमजपउम पर बात हुई या नहीं? उन्होंने सवाल किया कि आप जनता को यह भी बताइए कि शराब कारोबारियों से आपका क्या रिश्ता है? आपकी शराब नीति इतनी अच्छी थी तो इसको वापस क्यों लिया गया? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अरविंद केजरीवाल का केवल एक ही काम है– लूट, खसूट और भ्रष्टाचार। अरविंद केजरीवाल कट्टर बेईमान हैं। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया इतने भोले हैं नहीं जितना बताया जा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि इनके पास चार मोबाईल फोन थे, जब जांच अधिकारियों ने जांच के लिए फोन मांगा तो एक दे दिया बाकी तीन नष्ट कर दिए। क्यों? क्या इनको ये लग रहा था कि अरविंद केजरीवाल की भी गर्दन पकड़ी जाएगी... इसलिए नष्ट कर दिए? जनता को इसका जवाब आपको देना ही होगा। इनको गुमान है कि ये कानून से ऊपर हैं लेकिन हमें यकीन है कि कानून का हाथ इनकी गर्दन तक पहुंचेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अरविंद केजरीवाल जी, अगर आपको किसी बात का डर नहीं है तो दूध का दूध और शराब की शराब होने दीजिए। जो सवाल पूछे जाएं उनका उत्तर दे दीजिए... अगर आपके ही मापदंड आपके ऊपर लगाएं तो एक पॉलीग्राफ टेस्ट ले लीजिए... लाई डिटेक्टर टेस्ट ले लीजिए... सब स्पष्ट हो जाएगा। लेकिन ऐसा आप करेंगे नहीं क्योंकि अंदर से आप डरे हुए हैं, घबराएं हुए हैं।

गैंग चला रही भाजपा, संजय राउत बोले– ईडी–सीबीआई का इस्तेमाल कर एनसीपी को तोड़ने की हो रही कोशिश

मुंबई। भाजपा पर एक गिरोह चलाने का आरोप लगाते हुए, शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि भगवा पार्टी प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच

ब्यूरो (सीबीआई) का उपयोग करके राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तोड़ने की कोशिश कर रही है। राउत की यह टिप्पणी महाराष्ट्र की एक अदालत द्वारा मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हसन मुश्रीफ द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के बाद आई है। हालांकि, गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से उनकी अंतरिम सुरक्षा को 27 अप्रैल तक बढ़ा दिया। संजय राउत ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वे विजय माल्या को वापस लाने में असमर्थ हैं तो वे काला धन कैसे लाएंगे? यह सरकार की विफलता है, वे केवल बड़े–बड़े वादे करती है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलता। उन्होंने कहा कि कि अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस मिला। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि वे (बीजेपी) ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर एनसीपी को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं... क्या यह सरकार है? अपना हमला जारी रखते हुए संजय राउत ने कहा कि वे (भाजपा) एक गिरोह चला रहे हैं। दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक बड़े घटनाक्रम में सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन भेजा है। आप नेताओं ने कहा था कि केजरीवाल पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने पेश होंगे। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, केजरीवाल के प्रमुख सहयोगी, आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर पहले से ही जेल में हैं। शुक्रवार को गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय राउत ने कहा कि सबसे ज्यादा एनकाउंटर मुंबई में हुए हैं।

राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ा, गंगानगर में तापमान 42.1 डिग्री पर पहुंचा

जयपुर। राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है जहां बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री दर्ज कध्यिा गया। मौसम विभाग के अनुसार 18–19 अप्रैल को एक नया

पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर सक्रिय होने की संभावना है। उसके अनुसार पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्ध्य में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री से. के बीच बना हुआ है। आगामी 48 घंटों में तापमान में और 1 से 2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि 18–19 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर सक्रिय रह सकता है, फलस्वरूप 18 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग एवं शेखावटी क्षेत्र में दोपहर बाद मेघगर्जन,30–40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं चलने एवं कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से तीव्र आंधी भी चल सकती है। विभाग के अनुसार 19 अप्रैल को विक्षोभ का सर्वाधिक असर रहने से जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर, जयपुर एवं भरतपुर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ अचानक तेज हवाएं तथा हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है।

पीलीभीत में 10 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद, भाजपा नेता समेत दो गिरफ्तार

पीलीभीत। पीलीभीत जिले के बरखेड़ा थाना इलाके में पुलिस और आबकारी विभाग के संयुक्त अभियान में 10 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब बरामद करने के साथ भाजपा

के स्थानीय नेता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जांच–पड़ताल के बाद तथ्यों के आधार पर संबंधित नेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) के बयान के अनुसार आबकारी विभाग और थाना बरखेड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने गाजीपुर कुंडा के पास दबिश देकर एक वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। आरोपियों में एक की पहचान भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी भोजवाल और उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी बाबू के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के पास से 248 पेटी अवैध देशी शराब और 48 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल 576 बोतल), प्लास्टिक की एक केन में करीब 10 लीटर स्प्रिट तथा एक अन्ध्य केन में करीब आठ लीटर मिलावटी शराब बरामद की गई है। बरखेड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद शराब की कीमत 10 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने यह भी कहा कि दो अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई के संबंध में पूछे जाने पर पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि भोजवाल के मामले में जांच की जाएगी, उसके बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट पार्टी को भेजी जाएगी।

अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में पंजाब में दो लोग गिरफ्तार

होशियारपुर (पंजाब)। अलगाववादी अमृतपाल सिंह को शरण

देने के आरोप में पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान होशियारपुर जिले के बाबक गांव निवासी राजदीप सिंह और जालंधर जिले के रहने वाले सरबजीत सिंह के रूप में की गई है। राजदीप सिंह और सरबजीत सिंह को शुक्रवार रात मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके संगठन 'वारिस पंजाब दे' के सदस्यों के खिलाफ पिछले महीने कार्रवाई शुरू की थी। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल 18 मार्च को जालंधर जिले में पुलिस के जाल से बच निकला था और वह तभी से फरार है।

सीबीआई के समन के बाद केजरीवाल को मिला खड़गे का साथ, नीतीश ने भी कही यह बात

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने दिल्ली शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। इसी मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया फरवरी से जेल में बंद हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह सम्मन का पालन करेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे दिए गए समय पर सीबीआई कार्यालय जाएंगे। हालांकि, इसको लेकर राजनीति जारी है। आम आदमी पार्टी भाजपा पर जबरजस्त तरीके से हमलावर है। वहीं, केजरीवाल को विपक्षी दलों का भी साथ मिल रहा है। सूत्र ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा समन किए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से बात की थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दिल्ली के समकक्ष अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन जारी किए जाने पर उनके समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने

कहा कि केजरीवाल उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का उचित समय पर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि उनके (केजरीवाल) खिलाफ क्या हो रहा है। वह एक जाने–माने व्यक्ति हैं और उन्होंने अपने राज्य में कई विकास कार्य किए हैं। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके खिलाफ शुरू की गई सभी कार्रवाइयों का वह उचित समय पर जवाब देंगे। नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से यह भी कहा, "यही कारण है कि हम भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ देश में अधिक से अधिक दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। हम सभी प्रयास करेंगे और एकजुट होकर काम करेंगे।" दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) देश के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है और यही वजह है कि उसे कुचलने के प्रयास किए जा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह रविवार को एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्ष में 'आप' की तरह किसी भी पार्टी को निशाना नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा, ''...ऐसा इसलिए, क्योंकि 'आप' ने लोगों में उम्मीद जगाई है कि वह गरीबी मिटा देगी और उन्हें शिक्षित बनाएगी। वे हमें निशाना बनाकर इस उम्मीद को तोड़ना चाहते हैं।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा तलब किए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल डर के मारे कांप रहे हैं।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई:डीएम

नगर निकाय चुनाव को लेकर डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने की अपील करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने शनिवार को कहा कि उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सकारात्मक सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है। गिरजाघर व गुरुद्वारा आदि का उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, उनके प्रतिनिधि ा निर्वाचन के दौरान आयोग के निर्देशों का पालन करेंगे। ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे, जिससे किसी ध र्म (मजहब), सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दल, उम्मीदवार, राजनीतिक कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो या उससे विभिन्न वर्गो, दलों, व्यक्तियों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हों। किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन से संबंधित पहलुओं पर आलोचना नहीं की जाएगी। मत प्राप्त करने के लिए जातीय, साम्प्रदायिक और धार्मिक भावना का परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सहारा नहीं लिया जाएगा। पूजा स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, उपयोग निर्वाचन में प्रचार तथा

निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों के लिए नहीं किया जाएगा। राजनीतिक दल, उम्मीदवार या उनके समर्थक पुतला लेकर नहीं चलेंगे या उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जलाऐंगे। चुनाव प्रचार के लिए किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार का उपयोग झंडा लगाने, झंडिया टांगने, बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति के अनुमति के बिना नहीं करेंगे और न ही अपने चुनाव कार्यकर्ता एजेंट को ऐसा करने देंगे। सरकारी या सार्वजनिक सम्पत्ति, स्थल, भवन परिसर में विज्ञापन वाल राइटिंग नहीं करेंगे। कटआउट, होर्डिंग व बैनर आदि नहीं लगाऐंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए सभा एवं जुलूस, वाहन, लाउडस्पीकर एवं साउण्ड बाक्स के लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। कोई भी मुद्रक या प्रकाशक या कोई व्यक्ति ऐसी कोई चुनाव या प्रचार सामाग्री जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक व प्रकाशक का नाम और पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेंगे और न ही मुद्रित प्रकाशित कराएंगे। मुद्रण में ।फोटोकापी भी शामिल है। किसी व्यक्ति की ओर से राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उनके पक्ष में निर्वाचन विज्ञापन या प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं कराई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लघंन करता है, तो उसका यह कृत्य आईपीसी की धारा 171–एच के तहत दण्डनीय होगा। रात्रि के 10 से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से लागू दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा–144 के अन्तर्गत प्रावध ानों का अनुपालन करेंगे। एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने कहा कि राजनीतिक दल, निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों के साथ शान्तिपूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए सहयोग करेंगे। मतदान के दिन मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे के अन्दर चुनाव प्रचार नहीं करेंगे और न ही वोट मांगेंगे। बैठक में उप जिलाधिकारी, शैलेष कुमार, गुलाब चन्द्रा, आनन्द श्रीनेत, सुभाष कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार

द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी उतरौला उदय राज सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व मेंथाना कोतवाली उतरौला में उ0नि0 भारत लाल यादव मय टीम के रात्रि गश्त व सक्रिय अपराधी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान बहद ग्राम बक्सरिया पुलिया से अभियुक्त पंकज कुमार यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी ग्राम डोडाडीह परसौना थाना गैंडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर के कब्जे से .315 बोर तमंचा बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पंकज कुमार यादव उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

पांचवें दिन 8 पर्चे अध्यक्ष पद हेतु वार्ड सभासद हेतु 25पर्चा बिक्री हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर निकाय चुनाव में नामांकन के पांचवें दिन 8 पर्चे अध्यक्ष पद हेतु बिक्री हुआ। तथा वार्ड सभासद हेतु 25पर्चा बिक्री हुआ। और वार्ड सभासद के लिए 14 पर्चा जमा हुआ है। अभी तक अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद इसराइल पुत्र नादिर अली,हिना कौशर पत्नी परवेज अंजुम,रूबी पुत्री मुजीबुल्ला,रूपेश कुमार गुप्ता पुत्र प्रेम शंकर गुप्ता,माला गुप्ता पत्नी अमरनाथ गुप्ता,राजू पुत्र प्रेम चंद ने नामांकन किया है।नामांकन के पांचवें दिन भी कागज पूर्ति के लिए तहसील में दिन भर गहमा गहमी रही इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

चुनाव में मतदाताओं ने कभी भी बसपा, कांग्रेस व निर्दलीय पर भरोसा नहीं जताया

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर पालिका परिषद उतरौला के चुनाव में मतदाताओं ने कभी भी बसपा, कांग्रेस व निर्दलीय पर भरोसा नहीं जताया। मतदाताओं ने राष्ट्रीय दल भाजपा व सपा प्रत्याशियों पर भरोसा करके कभी भाजपा प्रत्याशी को अध्यक्ष बनाया कभी सपा प्रत्याशी को अध्यक्ष बनाया। मतदाताओं ने बसपा, कांग्रेस व अन्य किसी राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी को अध्यक्ष नहीं बनाया। नगर पालिका परिषद उतरौला में वर्तमान समय में 28,653 मतदाता हैं जिनमें मुस्लिम मतदाताओं के मतदाता 15092 व हिन्दू मतदाता 13561 है। इस तरह इस बार मुस्लिम मतदाताओं की हिन्दू मतदाताओं से लगभग डेढ़ गुना मतदाता होने से वर्तमान चुनाव में मुस्लिम मतदाता अपनी निर्णायक भूमिका अदा करेंगे। नगर पालिका परिषद उतरौला घोषित होने पर पहले निर्वाचित अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता भाजपा व उसके बाद अमर नाथ गुप्ता भाजपा से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उसके बाद सपा ने भाजपा से सीट छीनकर अफसर जहां और उसके बाद श्रीमती रोशन जहां निर्वाचित हुई। उसके बाद भाजपा के अनूप चन्द्र गुप्ता ने उनसे सीट छीनकर अध्यक्ष बने। उसके बाद पिछले चुनाव में सपा के मोहम्मद इदरीस खा ने भाजपा के अनूप चन्द्र गुप्ता को 287 मतों से हराकर भाजपा से सीट छीन ली थी। लेकिन उनकी कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो गई। इस तरह नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष पद पर भाजपा तीन बार और सपा के तीन बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस बार भी भाजपा व सपा के बीच सीधी टक्कर होने से दोनों दल जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतारने में जुटे हैं। बसपा कांग्रेस व कुछ निर्दलीय चुनाव मैदान में आ रहे हैं लेकिन इसके इतिहास को देखते हुए इस चुनाव में मजबूत प्रत्याशी नहीं मिल पा रहे हैं।

फ्राड की गई धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को भेंट की बुके

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन मे साइबर सेल की त्वरित कार्यवाही से फ्रॉड की गई धनराशि के वापस मिलने पर पींडित युवकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पींडित युवकों ने पुलिस अधीक्षक को बुके भेंटकर ह्रदय से दिया धन्यवाद जनपद गोण्डा में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री आकाश तोमर एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज द्वारा जनसामान्य को समय–समय पर जागरूक किया जाता रहा है। इसके साथ ही साथ साइबर अपराधों की सूचना मिलने पर तत्काल साइबर सेल को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया जाता रहा है। जिसके अनुक्रम में आवेदक अतुल कुमार पाण्डेय पुत्र श्री कैलाश नाथ पाण्डेय

निवासी कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा होटल बुकिंग हेतु गूगल से प्राप्त नंबर पर वार्ता कर रु 49575.00 की ठगी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल साइबर सेल को जाँच सौंपी गयी जिस पर कार्यवाही करते हुए साइबर सेल ने फ्रॉड की गयी धनराशि को सम्बंधित बैंकध्इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए ठगी गयी सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करवाया एवं प्रकरण में थाना नगर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इसी क्रम में आवेदक सजल निवासी कोतवाली नगर द्वारा ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर बुकिंग के नाम पर 49750.00 की ठगी की शिकायत पर साइबर सेल द्वारा समस्त धनराशि वापस करायी गयी। आवेदक अभय कुमार सिंह निवासी जानकी नगर कोतवाली नगर द्वारा ओटीपी शेयर कर दिए जाने से ठगी हो जाने पर 5000.00 रूपये की वापसी वापस करायी। धोखाधड़ी की रकम मिलने पर पीड़ितों द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा की सराहना की गयी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने बताया कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। कभी भी कस्टमर केयर का नंबर गूगल से सर्च न करें, अपने बैंक पासबुक एवं कार्ड से प्राप्त करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन 1930, अपने बैंक एवं पुलिस को सूचना दें, किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल साझा न करें।

आरक्षण में गया अपना घर तो पड़ोस पर नजर

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर पंचायत में अध्यक्ष से लेकर वार्ड तक के आरक्षण बदल गए हैं।अध्यक्ष के आरक्षण बदलने से हालाकि पिछड़ा और सामान्य दोनों को चुनावी मैदान में ताल ठोकने का मौका मिल गया है।लेकिन वार्डों के आरक्षण में कईयों को अपने पड़ोस पर नजर डालने को मजबूर किया है। वार्ड आरक्षण बदलने से अपना घर गंवाने वाले कई पार्टी के निवर्तमान सभासद अब आस पड़ोस पर नजर गड़ाए बैठे हैं।उन्होने अभी से एलान करना शुरू कर दिया है कि चुनाव जरूर लड़ेंगें फिलहाल अपने पार्टी से ही टिकट की मांग करेंगें बाकी आगे देखा जाएगा।हालाकि कई वर्तमान सभासद ऐसे भी हैं जो आरक्षण बदलने के बाद चुनाव न लड़ने की घोषणा की है कइयो ने अपने आस पास की सीटों को अदल बदलकर चुनाव लड़ने का रास्ता ढूढ़ लिया है आरक्षण बदलने के बाद विभिन्न पार्टियों के कई निवर्तमान सभासद को नया घर ढूढ़ने के लिए मजबूर कर दिया है। फिलहाल उन्हें अपने आस पास के उन वार्डों पर आशा की किरण नजर आ रही है जहां कुछ हद तक उनकी पहचान है या उस वार्ड के लोगों के सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं और चुनाव भी लड़ चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना को0 नगर का किया औचक निरीक्षण

शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना को0 नगर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह, विवेचना कक्ष, मेंस व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने–अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी

देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध ा रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधि ाक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने आई0जी0आर0एस0ई0 जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक आई0जी0आर0एस0ई0 शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण, वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी व परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर विनय सिंह, प्र0नि0 को0 नगर राकेश सिंह, पीआरओ व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नया सोच सेवा समिति के द्वारा वितरित किया जा रहा है रमजान किट

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोकध्गोंडा। नया सोच सेवा समिति के द्वारा रमजान माह में गरीब लोग बेसहारा परिवारों को चिन्हित कर उन्हें रमजान किट का वितरण किया जा रहा है। आज सुग्गानगर, पारासराय, नौशहरा, हरैया झूमन में किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रवेश प्रताप शर्मा, शिवनाथ गौतम, इसरार शेख सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

ईद उल फितर की त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए समाजसेवी:अमरनाथ चौबे

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। आने वाले ईद उल फितर की त्योहार को सभी जिले वासियों शांतिपूर्ण ढंग से मनाए समाजसेवी अमरनाथ चौबे। 22 अप्रैल या 23 अप्रैल को होने वाले ईद के त्यौहार को क्षेत्रवासी जिले वासी आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए समाजसेवी अमरनाथ चौबे ने क्षेत्रवासियों से सोशल मीडिया के माध्यम से जिले वासियों और क्षेत्रवासियों से अपील किया है कि ईद उल फितर का त्योहार सभी लोग मिलजुल कर मनाएं और एक दूसरे से गले मिलकर त्योहार की खुशियां बांटे तथा एक दूसरे से हाथ से हाथ मिला कर चले यही इंसानियत है और हर इंसान का काम है इंसान के काम आना इसीलिए किसी भी जात धर्म का त्यौहार हो उसे मिलजुलकर मनाना चाहिए और आपसी भाईचारा शांति व्यवस्था अमन चौन बनाए रखना चाहिए त्योहार चाहे हिंदू धर्म का हो या मुसलमान का त्योहार त्यौहार होता है और सभी का त्यौहार बराबर होता है इसे मिलजुलकर मनाना चाहिए।

विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरा, गोंडा। विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने ग्रामसभा सेमरा

बुजुर्ग में गोरहिया सम्पर्क मार्ग से पिपरहिया सम्पर्क मार्ग लागत 25.50 लाख का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू कराया विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले छः सालो मे सड़कों के छेत्र मे जितना विकास हुआ है पिछले 70 बर्षो मे नहीं हुआ था। आगे भी हम अपने विधानसभा मे हर मजरे को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य करेगे। वही जब उपस्थित ग्रामीणों से पूछा गया तो लोगो ने कहा कि हमारे यहा पहले सड़कों के नाम पर केवल बड़े बड़े पत्थर हुआ करते थे। इस अवसर पर इंद्र बहादुर वर्मा उस्मान अली बूथ अध्यक्ष, भगवानदीन वर्मा सिद्दीकी अली, भुल्लुर निषाद चंद्र प्रकाश परमात्मा मौर्या, भोगी पांडेय, सहित सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित

घायल अवस्था में मिला हिरण सूचना पर पहुँची वन विभाग की टीम कराया इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। ब्लॉक झंझरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा तरगाँव में हिरन का बच्चा लगभग उम्र 1 वर्ष है जो घायल अवस्था में मिला जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग टीम को दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम में मौके पर पहुंचकर हिरन को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। सेक्शन प्रभारी पंडरी कृपाल वन दरोगा नन्द गोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण लोगों द्वारा बताया गया कि हिरण के बच्चे को कुत्ते काटने के लिए दौड़ा रहे थे इसी बीच हिरन भाग कर तरगाँव गाँव

में मुखिया के यहां घर में एक कमरे में छुप गया उसको कमरे में लोगों ने बंद कर दिया और इसकी सूचना लोगों ने वन विभाग टीम को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से हिरन को पकड़कर प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए पशु चिकित्सालय बिशुनपुर बैरिया पहुंचाया गया। वहां पर मौजूद पशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मदन मुरारी ने हिरन के बच्चे का इलाज किया। वन दरोगा ने बताया कि शुभम मिश्रा निवासी ग्राम सालपुर सेमरा पोस्ट बिशनपुर बैरिया थाना कोतवाली देहात गोंडा ने कहा कि इसका इलाज मैं घर पर ले जाकर इलाज करूंगा और हिरन का बच्चा पूर्ण रूप से ठीक हो जाने पर वन विभाग की टीम को सूचित कर उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा। जिसको इलाज हेतु वन विभाग की टीम ने शुभम मिश्रा के सुपुर्दगी में कर दिया है। इस मौके पर वन विभाग की टीम के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

अबुझ परिस्थितियों में लगी आग 10 बिघा गेहूं की फसल जलकर राख

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा,सोनभद्र। करमा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिरसिया ठकुराई

में तेजू यादव पुत्र प्रभू यादव निवासी सिरसिया ठकुराई 10 बिघे गेहूं की फसल कटवाकर खलिहान में रखे थे शनिवार शाम को कटाई होनी थी लेकिन सुबह लगभग 8 बजे अबुझ परिस्थितियों में आग लग गयी अगल बगल से लोग बुझाने के लिए दौड़े पुलिस व लेखपाल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी मौके पर पहुची फायर ब्रिगेड बुझाने का काम किया लेकिन फसल जलकर नष्ट हो गयी थी वही आग बुझाने में किसान के लड़के सतीश का पैर भी जल गया जिसे इलाज के लिए भेजा गया मौके पर ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

हंगामे के बीच स्थगित हुई शोहरतगढ़ क्षेत्र पंचायत की बैठक

- बीडीसी की बैठक में ब्लॉक प्रमुख और खण्ड विकास अधिकारी के बीच हुई तीखी नोक झोंक
- प्रतिनिधि प्रशासन को खण्ड विकास अधिकारी ने बताया अवैध
- प्रतिनिधि प्रशासक को रोकने में किस हद तक सफल होंगी बीडीओ संगीता यादव, जबकि अधिकांश गावों में प्रतिनिधि ही चला रहे है प्रधानी
- क्षेत्र पंचायत के खाते में करोड़ो रुपये के होने के बावजूद भी क्षेत्र में क्यों नही हो रहा है काम, का आधिकारिक जवाब नही दे पाई बीडीओ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शनिवार को ब्लॉक परिसर स्थित दुग्धशाला भवन में ब्लॉक प्रमुख प्रीति यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक की कार्यवाही के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रीति यादव व खण्ड विकास अधिकारी संगीता यादव के बीच हुए नोक–झोंक, आरोप–प्रत्यारोप के दरमियान उठे हंगामें के बीच खंड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत की बैठक से भाग गयी। बैठक से उनके जाते ही प्रमुख ने बैठक की कार्यवाही रद्द कर दी। बाहरहाल क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पुत्र अभिषेक पाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी सुभाष यदुवंश के अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा, प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष जफर अलाम, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे, किन्तु कतिपय कारणों से स्थानीय विधायक विनय वर्मा बैठक में हिस्सा नही ले सके। बताते चले कि क्षेत्र पंचायत बैठक में गांवों के विकास को लेकर विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी जानी थी, जिसमें गांवों में नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग सहित अन्य विकास कार्य शामिल थे। बैठक में जलनिगम विभाग, पूर्ति निरीक्षक, सप्लाई विभाग, समाज कल्याण, कृषि विभाग आदि विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग के परियोजनाओं की जानकारी दी और रही समस्याओं का निराकरण भी करने की बात कही। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संगीता यादव से क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम यादव द्वारा पूछे गए सवाल, कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा राज्य वित्त, केंद्र वित्त और अन्य योजनांतर्गत किन किन परियोजनाओं पर कार्य किया गया और कराये गए कार्यों के सापेक्ष किन किन परियोजनाओं का भुगतान हुआ तथा शासन द्वारा आयी धनराशि के अनुक्रम कितनी धनराशि शेष है, इसके साथ ही शेष धनराशि खर्च न होने का जिम्मेदार और कारण क्या है? के सवाल से बैठक की कार्यवाही धीरे–धीरे उग्र और सवालों के घेरे में उलझती गयी। इस दरमियान ब्लॉक प्रमुख प्रीति यादव ने भी खण्ड विकास अधिकारी से कई सवाल दागे, जिसका उन्होंने सीधा जवाब न देते हुए निजी टिप्पड़ी कहा, और कहा कि सदन की कार्यवाही में निजी टिप्पड़ी नही होती,। इस दौरान मीडियाकर्मियों को भी वीडियो बनाने से रोकने का प्रयासकिया गया, जिसका असर शून्य रहा। इस दौरान बीडीओ संगीता यादव ने कार्य न होने के पीछे जिलाधिकारी के मौखिक आदेश की भी चर्चा की। प्रमुख प्रतिनिधि इंजी० अमित यादव द्वारा जब जिलाधिकारी के आदेश की कॉपी मांगी गयी, तो बीडीओ संगीता यादव नही दिखाया जा सका, जो आग में घी डालने का काम किया, और शान्त तरीके से चल रही बैठक, गहमागहमी के रूप में तब्दील हो गयी। इस दौरान बीडीसी विक्रम यादव ने कहा कि मेरे सवालों का जवाब बीडीओ साहब ने साफ–साफ नही दिया, मात्र कोरम पूरा किया गया और वर्ष 2023–24 के परियोजनाओं की भी सम्पूर्ण जानकारी नही दी गई। उन्होंने शोहरतगढ़ के चोडार बभनी, खनुवा में मनरेगा योजनांतर्गत कराये गए कार्यों का भुगतान न होने का भी मुद्दा उठाया, जिस सन्दर्भ में बीडीओ संगीता यादव ने कहा कि 7.5 करोड़ की परियोजनाओं के सापेक्ष 6 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है, शेष का भी भुगतान करने की बात कही। हालांकि इस मामले को प्रधानसंघ जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा और ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम ने संभालने का पूरा प्रयास किया, किन्तु आरोप–प्रत्यारोप और कहा सुनी के कारण अन्त में बैठक को आस्थगित ही करना पड़ा।

चर्चा यह भी है कि खण्ड विकास अधिकारी रोते हुए ब्लॉक चली गयी। हंगामे के बीच चल रहे इस कार्यक्रम का संचालन सचिव राम सिंह ने किया। इस दौरान सचिव निशा श्रीवास्तव, कुमारी मिथलेश, ब्रिजेस कुमार, राम स्वरुप गुप्ता, अजय भारतीय, सन्ताखिलेश्वर, सुमन पटेल के साथ ब्लॉक के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

जन कल्याण सेवा संस्थान ने मनाया डा भीम राव अम्बेडकर जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। के विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़िया बाजार के सम्राट खुर्द के जन कल्याण सेवा संस्थान का कार्यक्रम 14 अप्रैल को साड़ी तिराहा सत्यम पैलेस होटल के पश्चिम 132 वी जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमनाथ चौधरी ओबीसी सचिव सुजीत जायसवाल और रामकरण गुप्ता रहे मुख्य अतिथि के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया उसके उपरांत अध्यक्ष सुजीत जायसवाल और लेखपाल संघ के रामकरण गुप्ता ने पुष्प अर्पित कर नमन किया वही कार्यक्रम के अंत में न्यायिक संकल्प के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रथम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और वही दूरदर्शन टीवी के संपादक अविनाश कुमार शुक्ला बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन की और संस्था प्रमुख मनोज कुमार प्रबंधक ने बाबा साहब और बुध के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर आमली अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कार्यक्रम का संचालन कर रहे अविनाश कुमार शुक्ला जी से कहा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सुशील जायसवाल ने कहा बाबा साहब का विचार सर्व समाज के हित में और राष्ट्र के हित में कार्य किया है उन्हें सदैव जो है समाज ऋणी रहेगा वही अपने संबोधन में रामकरण गुप्ता ने कहा बाबा साहब दबे कुचले वंचित सोचो की आवाज को ऊपर उठाने का कार्य किया आज उन्हीं की देन है गरीब असहाय अपनी आवाज को आसानी के साथ किसी के साथ रख सकता है उसके बाद नायक संकल्प के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे ने कार्यक्रम के संबोधन में कहा कि बाबा साहब की जो

विचार थी बहुत हो चुकी थी जो उनका विचार सर्व समाज को हित करने वाला और दबे कुचले वंचित लोगों को उठाने का कार्य किया और चाहे उन्हीं की देन है। जो कि समाज के दबे कुछ नहीं लोग अपने विचार को व्यक्त कर सकते हैं इस तरह से कई लोगों ने संबोधन ने कहा वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामसुंदर चौधरी ने कहा कि अब जन कल्याण सेवा संस्थान के कार्यक्रम में कभी भी कोई कार्यक्रम होता है अगर मुझे बुलाया जाएगा तो जलपान की जो भी व्यवस्था होगी हम अपनी तरफ से करेंगे और संस्था को हर कार्यक्रम में कहीं भी मेरी जरूरत पड़ेगी मुझे बुलाया जाएगा तो मैं सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और जिस तरह से इसे कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया है और आयोजक और इसमें सहयोग देने वाले लोगों को उन्होंने भरपूर प्रशंसा किया और कहा कि हम ऐसे कार्यक्रम के लोगों के करने वालों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं इसी तरह से कार्यक्रम करते रहे और बाबा साहब का जो विचार था सोच था सभी सर्व समाज और राष्ट्र हित में उन्होंने भारत का संविधान रच करके एक भारत का इतिहास बदल दिया यह बड़े गर्व की बात है उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है और बुध का संदेश के संपादक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब की सोच संविधान का मूल मंत्र था शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो हम सभी समाज के लिए होता है कोई आशा नहीं है। कि खाली दलित दलित ही लोग इसको इस्तेमाल करें उनकी सभी वर्गों के हित के लिए थी देश के उत्थान के लिए थी और योगदान देश के लिए कर गया है समाज के लोगों को दे गया है उसे समाज के लोगों की जिम्मेदारी है और इस दिन सभी लोगों को संकल्पित होना चाहिए और उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए और बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करना चाहिए तभी भारत देश मजबूत होगा अभी गरीबी हटेगी जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए इससे हमारे कार्यक्रम में भर के लोगों ने हिस्सा लिया उन सभी महानुभाव को बहुत–बहुत आभार व्यक्त करता हूं और इसी तरह से आप सभी लोगों का सम्मान और प्यार मिलता रहे ताकि आने वाले भव्य कार्यक्रम में बता तो दिया जा सके और वही जो है जिला अध्यक्ष सुजीत जायसवाल राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के समय से आने पर उन्हें काफी इंतजार करना पड़ा उन्हें भी मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया कि आपने अमूल्य समय देकर के मुझे इंतजार किया इसके लिए बहुत–बहुत आपको धन्यवाद इसी तरह से हमारे कार्यक्रम में आप लोगों का सहयोग मिलने का अपेक्षा करता हूं और आप लोगों का सहयोग भरपूर रहे इसके लिए हम आप लोगों का कोट कोट आभार व्यक्त करता है जिसमें मनोज कुमार पासवान प्रमोद कुमार गुप्ता रामकिशोर पांडे राजेश शर्मा अविनाश कुमार आजाद रमेश कुमार दिलीप कुमार पासवान राम लखन सोमनाथ चौधरी जगदीश कुमार प्रदीप कुमार पत्रकार आदि कई लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

नेटवर्क क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न मुख्य अतिथि रहे अभिषेक पाल

सुबाष दुबे/दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। तहसील बांसी के विकासखंड मिठवल में शनिवार

को क्षेत्र पंचायत की बैठक की गई जिसमें ब्लाक प्रमुख सहित अनगिनत जनप्रतिनिधि शामिल रहे। आपको बता दें कि नए वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने पर नई कार्य योजनाओं को लेकर निरंतर क्षेत्र पंचायतों की बैठक हो रही है। उसी क्रम में शनिवार को ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न की गई इस बैठक में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता अभिषेक पाल शामिल रहे उनके साथ विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिलीप चौरसिया, प्रधान संघ के अध्यक्ष पिंटू दुबे, एवं विकास खंड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य इस बैठक में शामिल रहे।

क्षेत्र पंचायत का बैठक संपन्न, तेरह सौ साठ अनुमानित बजट से होगा विकास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। विकास खंड उसका बाजार ब्लॉक

परिसर में शनिवार को क्षेत्र पंचायत का बैठक संपन्न हुआ भूमि योजना में 272.14, क्षेत्र पंचायत में 278.94, ग्राम पंचायत में 755.19, जिला पंचायत में 54.43 अनुमानित बजट से विकास होगा। बैठक में ग्राम प्रधान बीडीसी, रोजगार सेवक, जिला पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे। एक तरफ क्षेत्र पंचायत की बैठक सिलसिला जारी रहा तो दूसरी तरफ सदस्यों ने जमकर विरोध किया। ग्राम पंचायतों की समस्या को लेकर बैठक में जमकर बवाल देखने को मिला है ब्रह्मचारी दूबे, शतीश आदि ने आंगनबाड़ी, पूर्ति विभाग, पशुपालन स्वास्थ आदि समस्यायों को अधिकारी के समक्ष्य रखा लेकिन जब वहा मौजूद अधिकारी से संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो हंगामा करना शुरू कर दिए अधिकारी के काफी समझाने के बाद विवाद थम गया। बैठक में जेई (आईडी) राकेश कुमार यादव भी नदारत दिखाई दिए तो कुछ उसका ब्लॉक के कर्मचारी नहीं दिखाई दिए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील यादव ने भी ग्राम पंचायत समस्या को लेकर बताते हुए कहे कि प्रधान मंत्री आवास को लेकर जमकर धांधली की जा रही है जो पात्र है उनको न मिलकर अपात्र लोगो को आवास दिया जा रहा है गांव में न ही नल मिल रहा है किसी को और न ही रिबोर किया जा रहा है गांव की समस्या अधिकारी नही सुनते लोगो को ब्लॉक का चक्कर लगवाते है। बीडीओ कृतिका अवस्थी ने बताया कि जो भी बोर्ड में शिकायत मिली है उसको जांच कर समस्या का समाधान किया जायेगा और जो कुछ मामले आए है उनको जांच कर उचित कार्रवाई भी की जायेगी। इस बैठक में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी संजय पांडेय, ब्लॉक प्रमुख ललावती चौहान,सांसद प्रतिनिधि अखंड पाल, राम सुरेश चौहान, राम भरोस चौहान, शौलेंद्र गुप्ता, अखिलेश यादव, राहुल यादव, सुनील यादव आदि लोग रहे मौजूद।

विकास खण्ड जोगिया में क्षेत्र पंचायत और सचिव और प्रधानों हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विकासखंड जोगिया के प्रांगण में शनिवार को क्षेत्र पंचायत और सचिव ग्राम प्रधान लोगों का बैठक किया गया जिसमें ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी और खंड विकास अधिकारी श्याम मनोहर मिश्र और जिला पूर्ति अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम सिंह एवं सीडीपीओ जोगिया और ब्रिजेंद्र कुमार डीएसओ और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी और प्रभु यादव ब्लाक अध्यक्ष जोगिया आदि लोगों ने अपने–अपने योजनाओं के बारे में निश्चित रूप से बताया और समस्याओं के समाधान के बारे में भी लोगों को अवगत कराया कहा कि अगर कहीं किसी को किसी प्रकार की दिक्कत है तो अपनी समस्या रूबरू मिलकर करें या लिख दें तो उनके समस्याओं का समाधान किया जाएगा और इस प्रकार से अपने–अपने विभाग के बारे में जो भी जिम्मेदार अधिकारी थे वह अपनी बात रखें और वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पूर्णिया के प्रधान कुलदीप चौधरी बुढनैया नेपाली समस्याओं को रखा वही जोगिया के कई प्रधान इंदल प्रधान महुआ जोगिया के प्रधान गौरी शंकर साहनी और परिया बाजार के प्रधान अनिल कुमार जायसवाल बंगरा के प्रधान शैलेंद्र कनौजिया सचिव अनिल कुमार मिश्र एवं प्रदीप कुमार सचिव और रविंदर सिंह सचिव मनीराम शर्मा सचिव मोतीलाल अंकुश सचिन आशीष पांडे सचिव रविंद्र कुमार, प्रदीप सिंह सचिव, गोविंद पासवान, सर्वजीत पासवान, सुकाई, कई ग्राम प्रधान और सचिव काफी संख्या में करते रहे और वही श्याम मुरली मनोहर मिश्र ने कहा कोई भी समस्या है उसे लिए एक लिखित या मौखिक बताएंगे उसे समस्या का हल करने का पूरा प्रयास होगा और जो भी दिक्कत आ रही है हल करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है वही जोगिया ब्लाक के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी ने कहा हम जोगिया ब्लाक के विकास और संजय करण में लगा हुआ हूं से फुर्सत होते हैं क्षेत्र में जा जाकर जहां मेरी जरूरतें हैं वहां पूरा सहयोग और सानिध्य लोगों को दिया जाएगा ताकि जो है अपने क्षेत्र में क्षेत्र की जनता का समस्या का समाधान किया जा सके जो मेरे लायक होगा जनता जनार्दन के लिए पूरा सहयोग दूंगा और चौमुखी विकास विकासखंड जोगिया का करने का मेरा पूरा लक्ष्य है जो भी सरकार की योजनाएं हैं सत्य प्रसाद लोगों तक पहुंचाने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा।

अनिल मिश्रा बने अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लोटन,सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के अंर्तगत बी0

आर0 सी0 लोटन पर एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लॉक लोटन अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला सिद्धार्थ नगर ब्लॉक लोटन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार मिश्रा को अध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में अब्दुल मुस्तफा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ब्लॉक लोटन अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का अध्यक्ष बनने पर अनिल कुमार मिश्रा ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार जिस प्रकार आप सब ने हमारे ऊपर विश्वास जताया है यह महत्वपूर्ण दायित्व हमें दिया है उसी प्रकार मैं इस दायित्व का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूगा। और अपने दायित्व पर खरा उतरूंगा। अध्यक्ष का पद एक महत्वपूर्ण पद होता है इस पद की गरिमा में हमेशा बनाए रखूंगा। सभी के सुख दुख में हमेशा साथ रहूंगा। ब्लॉक लोटन के सभी शिक्षक बंधुओं का कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

सम्पादकीय

सरकार फैक्ट चेक करेगी

इस कानून में विवाद की स्थिति में मध्यस्थता का भी कोई प्रावधान नहीं है। अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफश्वर्म या उसके यूजर को लगता है कि सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात सही नहीं है तो उसे इसे अदालत में ही चुनौती देनी होगी। तभी ज्यादा संभावना इस बात की है कि सोशल मीडिया प्लेटफश्वर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता ...

यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। अभी एक महीना नहीं हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक अंग्रेजी अखबार के कार्यक्रम में कहा था कि फेक न्यूज विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है और साथ ही इससे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है और अब केंद्र सरकार फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए फैक्ट चेक का कानून लेकर आ गई है। सरकार इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइलाइंस एंड डिजिटल मीडिया इथिक्स कोड) रूल्स, 2021 को लागू करने जा रही है। इस कानून के पहले मसौदे में कहा गया था कि प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो यानी पीआईबी की ओर से बताया जाएगा कि सरकार से जुड़ी कौन सी खबर फर्जी है और उसे सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाना होगा। अब सरकार ने इसमें थोड़ा संशोधन किया है। इसमें से पीआईबी को हटा दिया गया है और उसकी जगह सरकार ने एक फैक्ट चेक यूनिट बनाने को कहा है। इस यूनिट की ओर से जिस खबर को फर्जी बताया जाएगा उसे हर जगह से हटाना पड़ेगा। यह कानून लागू होने का मतलब है कि तमाम ऑनलाइन इंटरमीडियरीज जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि से लेकर इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात माननी होगी और उसकी बताई खबर को हटाना होगा। सरकार इसे चाहे जो कहे लेकिन यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। हालांकि वहां सरकार और सत्तारूढ़ दल के आईटी सेल का बनाया नैरेटिव ही ज्यादा चर्चा में रहता है और ज्यादा फेक न्यूज उनकी तरफ से प्रचारित किया जाता है। फिर भी जो थोड़े बहुत स्वतंत्र यूट्यूब चौनल या सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं उनको इसके जरिए नियंत्रित किया जा सकता है। इस कानून में विवाद की स्थिति में मध्यस्थता का भी कोई प्रावधान नहीं है। अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या उसके यूजर को लगता है कि सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात सही नहीं है तो उसे इसे अदालत में ही चुनौती देनी होगी। तभी ज्यादा संभावना इस बात की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां कानूनी मुकदमों में उलझने की बजाय सरकार की बताई खबर को हटाने का विकल्प चुनेंगे। ऐसे में निष्पक्ष और तटस्थ या सरकार विरोधी खबरों का स्पेस और कम होगा।

मानस के पाठ से पाप और पापी का सर्वनाश होता है

श्री रामचरित मानस के नित पाठ से पाप और पापी का सर्वनाश होता है। इसके साथ ही नीच, दुराग्रही, कुत्सित और कलुषित प्रवृत्ति के लोगों की आत्मा भी पवित्र हो जाती है। ज्ञान विवेक और वैराग्य की त्रिवेणी को प्रवाहित करने वाली माता गंगा में स्नान की तरह श्री रामचरित मानस का पाठ भी है। इस संगम पर विवेकी के साथ तार्किक पुरुषों, सज्जनों और साधुओं का समागम होता है। इसके मर्म को वे क्या जानें जिनके हृदय कलुषित होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी श्रीरामचरित मानस के बालकाण्ड में लिखते हैं कि नदी पुनीत सुमानस नंदिनि। कालिमल तृन तरु मूल निकंदिनि। अर्थात यह सुंदर मानस–सरोवर की कन्या सरयू नदी बड़ी पवित्र है और कलियुग के छोटे बडें पाप रूपी तिनकों और वृक्षों को जड़ से उखाड़ फेंकने वाली है। पुनः गोस्वामी जी लिखते हैं कि श्रोता त्रिबिध समाज पुर ग्राम नगर दुहुं कूल। संतसभा अनुपम अवध सकल सुमंगल मूल।।

अर्थात तीनों प्रकार के श्रोताओं का समाज ही इस नदी के दोनों किनारों पर बसे हुए पुरवे, गांव और नगर हैं य और संतों की सभा ही सब सुंदर मंगलों की जड़ अनुपम अयोध्या जी है। इस तरह गोस्वामी तुलसीदास जी अपने श्रोताओं के विषय में भी गहराई से बताते हैं कि प्रभु श्रीराम की कथा को सुनने वाले सज्जन और पवित्र आचार विचार के होते हैं। इसके साथ ही भगवान श्री रामचंद्र जी की जन्मभूमि होने के कारण श्री अयोध्या धाम भी अत्यंत पवित्र, पूजनीय और मनोहर है।

लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश

धार्मिक बयानबाजी पर सुप्रीम कोर्ट

ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी...

अजय दीक्षित

सर्वोच्च अदालत में एक न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि नफरती भाषण और बयानबाजी दिए जा रहे हैं, क्योंकि राज्य नपुंसक हैं। राज्य शक्तिहीन हैं। राज्य वक्त पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे नफरती बोल उसी क्षण रुक सकते हैं, जब राजनीति और धर्म को अलग–अलग कर दिया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सवाल उठाया है कि आखिर हमें ऐसा राज्य क्यों चाहिए, जब सब कुछ नफरती हो रहा है?श हालांकि न्यायाधीश की श्नपुंसकश वाली उपमा अतिरेकपूर्ण है। कमोबेश लोकतांत्रिक नहीं है। वह राज्य को कमजोर, अक्षम, अप्रभावी, अनिर्णायक आदि कुछ भी कह सकते थे, लेकिन श्नपुंसकश के मायने हैं कि परोक्ष रूप से देश की जनता जिम्मेदार है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही अपनी सरकार चुनती है। नफरती बयानबाजी दो पक्षों के बीच अधिक है। एक लगातार श्हिंदू राष्ट्रश बनाने को लोगों को उकसा रहा है। लाखों की भीड़ जुटाई जा रही है। दूसरा पक्ष ऐसा है, जो श्सरकलमश तक करने को उन्मादित है। सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी आदि समुदायों की ओर से नफरत के बोल अपवाद ही हो सकते हैं। हाल ही में रामनवमी के दिन जुलूस पर कई राज्यों में पथराव किया गया, हिंसा और आगजनी तक की गई। ऐसा बार– बार होता है, क्योंकि इनके मूल में श्नफरतश है। न्यायिक पीठ के सामने भारत सरकार के

सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार नहीं, केरल सरकार खामोश है। मई, 2022 में पीएफआई ने एक रैली के दौरान आह्वान किए कि हिंदुओं और ईसाइयों के नरसंहार कर दो। बेशक आज इस संगठन पर भारत सरकार की पाबंदी है, लेकिन ऐसे भडकाऊ और हत्यारे बयान आज भी फिजाओं में हैं। द्रमुक पार्टी के एक प्रवक्ता का बयान भी उद्धृत किया गया, जिसमें कहा गया था कि यदि तुम्हें समानता चाहिए, तो सारे ब्राह्मणों की हत्या कर दो।श संदर्भ पेरियार का था। दरअसल ये नफरत ही नहीं, हिंसा और हत्या की पराकाष्ठा के बयान हैं। ऐसे बयानों पर अदालतों ने कभी स्वतरू संज्ञान नहीं लिया, यह एक बेहद गंभीर सवाल है। अरस्तु चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। श्राम मंदिरश के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दो फाड़ हो गई साम्प्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। श्नफरती सियासतश का आगाज नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का श्खलनायकश मानते हैं। हिन्दू– मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य श्नपुंसकश इसलिए करार दिये जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसम्बर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित श्धर्म संसदश याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु–संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।श हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के श्सरकलमश तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रजा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना मुल्लाओं ने श्हिन्दूवादश की राजनीति के श्तल्ख और भड़काऊश जवाब दिए हैं। चूंकि सरकारें कोई दंडात्मक या कारगर कार्रवाई नही कर पातीं, लिहाजा न्यायाधीश ने राज्य को श्नपुंसकश ही करार दे दिया है । भारत में मुस्लिम लीग, शिरोमणि अकाली दल, राम राज्य परिषद और हिन्दू महासभा आदि ऐसे राजनीतिक दल आज भी सक्रिय हैं, बाकायदा चुनाव लड़ते हैं, आयोग में पंजीकृत हैं, जो पूर्णतरू धर्म और सांप्रदायिकता के विघटनकारी आधार पर खड़े हैं । हालांकि 1976 में संविधान में 42वां संशोधन पारित कर भारत को श्पंथनिरपेक्षश राज्य घोषित किया गया। फिर भी धर्म आधारित दल मौजूद हैं। पंजाब और नागालैंड में धर्म के आधार पर विभाजन हुआ ।

{ परंतु जब समय आएगा तब वे 80 साल के इस आदमी को फिर से चुनाव जिता देंगे। सड़कों पर विरोध और समर्थन में प्रदर्शन होंगे तथा देश और विभाजित हो जाएगा। भारत हो चाहे अमेरिका दोनों में ऐसे नेताओं को चुना जाना बंद होना चाहिए जिनकी उम्र कुछ नया सोचने और करने की नहीं रह गई है। लोगों को ऐसे हाथों में शासन की बागडोर देनी होगी जो अपने जीवन के पांचवें दशक या ज्यादा से ज्यादा... }

बुजुर्गियत और ठहरा, थका अमेरिका!

श्रुति व्यास

अमेरिकी राजनीति में बड़े मियांओं का बोलबाला है। इस कदर किसब ठहरा सा, सब कुछ बासा–बासा सा लगता है। और सन 2025 तक तो वहां राजनीति और गतिहीन व सुस्त हो जाएगी। जो बाईडन ने 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लडने का फैसला किया है। बाईडन 80 साल के हैं और दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपतियों में से एक हैं।उधर76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होने की प्रबल सम्भावना है। सो कही अमरीका भी अपने राजनीतिज्ञों की उम्रदराज, बुढ़ा नहीं हो चला है? शक नहीं कि जो बाईडन ने अपने कठिन कार्यकाल में जबरदस्त सक्रियता व कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्हे गंभीर अंदरूनी और बाहरी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसलिए उनके राष्ट्रपति बनने के समय से ही यह प्रश्न पूछा जाता रहा है और पूछा जाता रहेगा कि क्या वे फिर राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे? या फिर वे अपनी उम्र के मद्देनजर चौन की बंसी बजाते हुए रिटायर्ड जीवन गुजारने का फैसला लेंगे? आखिरकार उन्हें राजनीति में बहुत समय हो गया है। वे अपनी युवावस्था से राजनीति में हैं। सन् 1972 में वे सीनेट के लिए चुने गए थे। इस तरह उनका सार्वजनिक जीवन आधी सदी से लम्बा हो गया है। अगर वे दुबारा राष्ट्रपति बनते हैं तो अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति तक वे 86 साल के हो होंगे। हाल में व्हाईट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बिल क्लिंटन की मेजबानी की जो तीन दशक पहले राष्ट्रपति थे किंतु उनसे चार साल छोटे हैं। और जो बाईडन अकेले नहीं हैं। सीनेट के रिपब्लिकन सदस्य मिच मेकोनेल 81 साल के हैं? उनके नाम सीनेट के इतिहास में सबसे अधिक अवधि तक सदस्य रहने का रिकार्ड है। वे रिटायर होने के मूड में कतई नहीं हैं। चक शूमर, जो इसी सदन में बहुमत प्राप्त डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं, 72 साल के हैं। सीनेटर बर्नी सेंडर्स, जो पिछली दो डेमोक्रेटिक प्रायमरीज में वामपंथियों के अगुवा रहे हैं, 81 साल के हैं। पिछले साल तक 82 वर्ष की नेन्सी पिलोसी, हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स में डेमोक्रेटों की नेता थीं और वे अपनी पार्टी की सबसे लंबी अवधि की नेता है। उनके रिटायरमेंट की वजह उनकी आयु नहीं बल्कि रिपब्लिकनों के पक्ष में लहर थी। जो बाईडन और डोनाल्ड ट्रंप ऐसे पहले राजनेता नहीं हैं जिनकी उम्र को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं और आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। सन् 1984 में एक शो में जब संचालक ने रोनाल्ड रीगन को याद दिलाया कि वे अमेरिका के (उस समय तक के) वृद्धतम राष्ट्रपति हैं, तो 73 साल के रीगन ने जवाब दिया–श्मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि मैं उम्र को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना चाहता। मैं अपने प्रतिद्वंदी की कम उम्र और अनुभवहीनता का उपयोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करना चाहता!ष रीगन भारी बहुमत से दुबारा राष्ट्रपति बने। सन् 2009 से बाईडन के निजी चिकित्सक रहे केविन ओ कोनर के अनुसार बाईडन अब भी 80 साल के एक स्वस्थ और फुर्तीले पुरूष हैं जो राष्ट्रपति पद से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए फिट हैं। जहां तक डोनाल्ड ट्रंप का सवाल है, व्हाईट हाउस के एक डाक्टर के अनुसार उनकी जीन्स इतनी अपूर्व और असाधारण हैं कि यदि वे अपने खानपान का थोड़ा सा भी ख्याल रखते तो कम से कम 200 साल जीते। अपनी रिपब्लिकन पार्टी से जो नेता ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं उनमें हैली के अलावा फ्लोरिडा के 44 वर्षीय गवर्नर रोन डेसांटिस, पूर्व विदेशमंत्री माईक पोमपियो जो 59 साल के हैं, पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेन्स, जो इस धरती पर 63 साल बिता चुके हैं, और 57 साल के सीनेटर टिम स्काट, शामिल हैं। तो 82 और 77 साल के ये बड़े मियां फिर से चुनाव क्यों लडना चाहते हैं? एक कारण सत्ता प्रेम हो सकता है। जहां तक ट्रंप का सवाल है, वे सत्ता से दीवानगी की हद तक प्रेम करते हैं। या फिर यह भी हो सकता है कि अमरीकी राजनीतिज्ञ यह मानते हों कि उम्र रिटायरमेंट का कारण नहीं हो सकती बल्कि वह तो उन्हें सत्ता में रहने के लिए और सुपात्र बनाती है। भारत में भी यही हाल है। हमारे अधिकांश नेता खासे बुजुर्ग हैं। बहुत से 70 के पार हैं और कुछ 80 के पार भी। परंतु रिटायरमेंट के बारे में शायद वे सोचते ही नहीं हैं। वे दिन–रात सत्ता के पीछे भाग रहे हैं और युवाओं को श्पप्पूय और श्वंशवाद के लाभार्थीय ठहरा रहे हैं। सत्ता हासिल करने के लिए वे देश को बांटने के लिए तैयार हैं, जैसे इस समय अमेरिका बंटा हुआ है। ऐसा कहते हैं कि सत्ता भ्रष्ट करती है। मुझे ऐसा लगता है कि सत्ता, 70 साल के बाद व्यक्ति के दिमाग को भी भ्रष्ट कर देती है। कई लोग कहते सुने जाते हैं कि नौकरी से रिटायरमेंट के बाद वे श्जनसेवाश्र में जुट जाएंगे जिसका अर्थ होता है राजनीति में जाना। जहां तक युवाओं का सवाल है, 18 से 35 साल के लंबी दाढियों और शिकायतों की उससे भी लंबी लिस्ट लिए चिर असंतुष्ट युवकों की फौज अमेरिका और भारत दोनों में है।और ये नौजवान किसी भी ऐसी सरकारी रेवड़ी या लाभ प्राप्त करने को आतुर रहते हैं जिसके लिए उन्हें कोई काम न करना पड़े। राजनीति में अक्सर जो दिखता है, हम उसे ही सही मान लेते हैं। अमरीका की कांग्रेस में वर्तमान सीनेट इतिहास में बुजुर्गियत के लिहाज से दूसरे नंबर (औसत आयु 63.9 वर्ष) पर है और हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स तीसरे नंबर (औसत आयु 57.5 वर्ष) पर। अर्थात, बुजुर्गों का यह जमावड़ा उस देश पर शासन कर रहा है जिसकी औसत आयु 38 वर्ष है। अमेरिकी भी नहीं चाहते कि बाईडन साहब फिर से चुनाव मैदान में कूदें। इसका कारण वे यही बताते हैं कि उनकी उम्र कुछ ज्यादा हो गई है। परंतु जब समय आएगा तब वे 80 साल के इस आदमी को फिर से चुनाव जिता देंगे। सड़कों पर विरोध और समर्थन में प्रदर्शन होंगे तथा देश और विभाजित हो जाएगा। भारत हो चाहे अमेरिका दोनों में ऐसे नेताओं को चुना जाना बंद होना चाहिए जिनकी उम्र कुछ नया सोचने और करने की नहीं रह गई है। लोगों को ऐसे हाथों में शासन की बागडोर देनी होगी जो अपने जीवन के पांचवें दशक या ज्यादा से ज्यादा छठवें दशक के शुरूआती सालों में हों।

हैरी ब्रुक की प्रतिभा से सभी वाकिफ हैं: Markram

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्कराम ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में जीत दर्ज करने के लिए गेंदबाजों की प्रशंसा की और साथ ही कहा कि हर कोई इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक की प्रतिभा से वाकिफ है जिन्होंने 2023 चरण का पहला शतक जड़ा। ब्रूक के नाबाद 100 और मार्कराम के 50 रन से सनराइजर्स हैदराबाद ने चार विकेट पर 228 रन का विराट स्कोर खड़ा किया। ब्रूक ने 55 गेंद में 12 चौके और तीन छक्के जड़े। मार्कराम ने मैच के बाद कहा, ''गेंदबाजों को सलाम,जिन्होंने शानदार जज्बा दिखाया। उनके बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए यह स्कोर भी सुरक्षित नहीं था। '' कप्तान नीतिश राणा की 75 रन और पिछले मैच में पांच छक्के जड़कर

टीम को जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह की नाबाद 58 रन (31 गेंद, चार चौके, चार छक्के) की पारी के बावजूद केकेआर की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी और 23 रन से हार गयी। मार्कराम ने कहा, ''उनके घरेलू मैदान में अच्छी शुरुआत की और हमारी बल्लेबाजी में भी गहराई है। ब्रूक की प्रतिभा हम सभी जानते हैं, वह पावरप्ले में अच्छे क्रिकेट शॉट लगाता है। ''

उन्होंने कहा, ''भुवी भरोसेमंद खिलाड़ी है, गेंदबाजों के लिये यह मुश्किल विकेट था। हमें उन्हें हराना अच्छा रहा। हमने कुछ क्षेत्रों पर काम करना है। बतौर टीम सुधार करना अच्छा है। उम्मीद है कि यह लय जारी रहेगी। '' सनराइजर्स हैदराबाद ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कैच के कई मौके गंवाये, वर्ना केकेआर की टीम इस स्कोर तक नहीं पहुंची होती। वहीं 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे ब्रूक ने कहा, ''यह विशेष रात है, थोड़ा तनाव था लेकिन जीत दर्ज करना अच्छा है। '' केकेआर के कप्तान राणा ने कहा, ''हम योजना के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पाये, हम और बेहतर गेंदबाजी कर सकते हैं। रिंकू और मैंने जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे खुश हूं। '' उन्होंने कहा, ''कोशिश मैच को करीब ले जाने की थी और फिर तो कुछ भी हो सकता है।

दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग शुरू करना चाहता है सऊदी अरब, बढ़ सकती है बीसीसीआई की टेंशन

सऊदी अरब सरकार खाड़ी क्षेत्र में दुनिया की सबसे अमीर टी20 लीग स्थापित करने की योजना बना रही है, और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के मालिकों के लिए इस बारे में योजनाओं का प्रस्ताव दिया है। सऊदी अरब इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी साधने की कोशिश कर रहा है। सऊदी अरब सरकार सक्रिय रूप से कई खेलों में निवेश कर रही है। फुटबॉल और फॉर्मूला 1 जैसे अन्य खेलों में भारी निवेश करने के बाद, सऊदी अरब अब क्रिकेट में निवेश करने पर विचार कर रहा है। लगभग एक साल से बातचीत चल रही है, लेकिन कुछ भी ठोस होने से पहले, लीग को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा स्वीकृत करने की आवश्यकता होगी।

सऊदी अरब का यह प्लान अमल में आता है तो बीसीसीआई की टेंशन बढ़ सकती है। आईपीएल पर भी इसका असर पड़ेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सऊदी अरब क्रिकेट के माध्यम से भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है, और सऊदी अरब को वर्ष 2030 तक भारतीयों के लिए नंबर 1 पर्यटन स्थल बनने की उम्मीद करता है। सऊदी अरब क्रिकेट फेडरेशन के अध्यक्ष प्रिंस सऊद बिन मिशाल अल–सऊद ने पिछले महीने बताया था कि हमारा उद्देश्य किंगडम में रहने वाले स्थानीय लोगों और प्रवासियों के लिए एक स्थायी उद्योग बनाना और सऊदी अरब को एक वैश्विक क्रिकेट हब बनाना है। आपको बता दें कि विजिट सऊदी प्प्र के स्पॉन्सर्स में शामिल है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान नियमों के तहत, भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं है, और सऊदी अरब सरकार के प्रतिनिधियों के उनके सबसे अमीर ज्20 लीग के प्रस्ताव को लेकर बीसीसीआई को नियम में सुधार के लिए राजी होना पड़ सकता है। इसको लेकर बोर्ड के सूत्रों ने साफ तौर पर कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को रिलीज करने का कोई सवाल ही नहीं है। वास्तव में इस सवाल का आधार ही गलत है।

डिजिटल सार्वजनिक ढांचे की संरचना समावेशी, विकास को मिलती है तेजीः सीतारमण

वाशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डिजिटल सार्वजनिक ढांचे (डीपीआई) के प्रारूप को समावेशी बताते हुए कहा है कि यह देशों की विकास प्रक्रियाओं को गति देने और अधिकतम लाभ पहुंचाने में मददगार हो सकते हैं। सीतारमण ने शुक्रवार को यहां मुद्राकोष की तरफ से डीपीआई पर आयोजित एक परिचर्चा में कहा कि कहा कि सरकार के साथ निजी क्षेत्र की भी भागीदारी से विकसित डीपीआई मजबूत, समावेशी, जुझारू एवं टिकाऊ आर्थिक वृद्धि हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में भारत

में डीपीआई ने लक्षित, त्वरित एवं सक्षम सेवा देने में बड़ा योगदान दिया है। इन डिजिटल बुनियादी ढांचों से भारत आबादी के बड़े हिस्से तक प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने में सफल रहा है। इस अवसर पर आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा कि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के सहयोग से तैयार डीपीआई पहुंच से बाहर के लोगों तक पहुंचने के लिए विकास को बहुत तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में भारत जैसे देशों के अनुभवों से सबक लिया जा सकता है। इंफोसिस के सह–संस्थापक नंदन नीलेकणि ने कहा कि भारत में डीपीआई के सफल होने के पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति एक बड़ा कारण रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण कोई भी सार्वजनिक नीति लागू करते समय उसे डिजिटल ढंग से अंजाम देने पर अधिक जोर देते हैं।

Twitter का नया फीचर, अब 10 हजार कैरेक्टर में कर पाएंगे ट्वीट, बोल्ड और इटैलिक टेक्स्ट का भी ऑप्शन

लोकप्रिय माइक्रो–ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के ब्लू सब्सक्रिप्शन वाले पेड यूजर अब 10,000 कैरेक्टर तक के ट्वीट कर सकेंगे। बढ़ी हुई कैरेक्टर लेंथ के साथ, एक उपयोगकर्ता टेक्स्ट को बोल्ड और इटैलिक के माध्यम से प्रारूपित कर सकते है। हालांकि, अन्य शानदार सुविधाओं की तरह, यह विशेष रूप से ट्विटर ब्लू ग्राहकों के लिए होगा। लिमिटेड कैरेक्टर पोस्ट कर पाने के कारण लगातार वर्ड स्पेस कमी का सामना करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए, ब्लू सब्सक्रिप्शन एक पसंदीदा विकल्प साबित हो सकता है। ट्विटर ब्लू का हेल्प सेंटर पेज बताता है कि

हर कोई लंबे ट्वीट देख सकता है। लेकिन केवल ब्लू सब्सक्राइबर ही उन्हें क्रिएट कर सकते हैं। इसके साथ ही बड़े पोस्ट के साथ यूजर्स अब डिफरेंट स्टाइल के फॉन्ट का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके अलावा यूजर्स को पोस्ट को (बोल्ड और इटैलिक) करने का भी आप्शन मिलेगा। ट्विटर ने लिखा कि हम ट्विटर पर लिखने और पढ़ने के अनुभव में सुधार कर रहे हैं! आज से, ट्विटर अब बोल्ड और इटैलिक टेक्स्ट फॉर्मेटिंग के साथ 10,000 कैरेक्टर लिखने तक की सुविधा प्रदान करता है। कमाई की सुविधाः यूट्यूब की तर्ज पर ये ट्वीट से कमाई भी कर सकेंगे। मोनेटाइजेशन फीटर के तहत यूजर अपने फॉलोअर्स को सब्सक्रिप्शन प्लान की पेशकश कर सकेंगे और अपने टटेक्सट और वीडियो देखने के लिए उन फॉलोअर्स से पैसे ले सकेंगे। भारत में ट्विटर ब्लू के लिए मोबाइल यूजर को महीने में 900 रुपये और वेब यूजर को 650 रुपये चुकाने होंगे।

आईपीएल 2023 के पहले शतकवीर बने हैरी ब्रुक, KKR के खिलाफ शतक जमाकर ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

आईपीएल 2023 के शुरुआती मैचों में बेटपटरी सी दिख रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम की गाड़ी अब पटरी पर लौटती दिख रही है। मुकाबलों में जहां कप्तान एडेन मर्करन का बल्ला चला तो अब हैरी ब्रूक का बल्ला भी अपना जलवा दिखा रहा है। आईपीएल में सवा 13 करोड़ में बिके इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में इस सीजन का पहला शतक जड़कर अपने विरोधियों को परेशान कर दिया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में हैरी के शतक की बदौलत ही सनराइजर्स कोलकाता नाइट राइडर्स को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज करने में सफल हुई है। इस मुकाबले में इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक का बल्ला जमकर चला। उन्होंने महज 15 गेंदों में 100 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसकी बदौलत कोलकाता को 229 रनों का विशाल लक्ष्य दिया गया। इस मुकाबले में हैरी के अलावा कप्तान ऐडन मार्करम के अर्धशतक की मदद से हैदराबाद को शानदार जीत दर्ज करने का मौका मिला है। आलोचकों का मुंह किया बंदः मैच के बाद हैरी ब्रूक ने कहा कि ये बेहद खास रात थी और हम जीत भी गए।

कार्यालय : ग्राम पंचायत–गदहमरवा
विकास खण्ड–लोटन बाजार,जनपद–सिद्धार्थनगर

–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 27.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 27.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **गदहमरवा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

नियम व शर्त :–1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **गदहमरवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **गदहमरवा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **गदहमरवा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
सोनी
ग्राम पंचायत–गदहमरवा
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
लालचंद चौधरी
ग्राम पंचायत–गदहमरवा
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

कार्यालय : ग्राम पंचायत–महदेइया
विकास खण्ड–लोटन बाजार,जनपद–सिद्धार्थनगर

–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 17.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 17.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **महदेइया**में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

नियम व शर्त :–1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **महदेइया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **महदेइया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **महदेइया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
श्रीमती किरन
ग्राम पं0–महदेइया
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
रविन्द्र कुमार जाटव
ग्राम पं0–महदेइया
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

कार्यालय : ग्राम पंचायत–रसियावल खुर्द
विकास खण्ड–लोटन बाजार,जनपद–सिद्धार्थनगर

–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 20.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 20.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **रसियावल खुर्द** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 2000 (दो हजार) रुपये होगी।

नियम व शर्त :–1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **रसियावल खुर्द** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **रसियावल खुर्द** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **रसियावल खुर्द** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
हेमलता
ग्राम पं0–रसियावल खुर्द
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
विनोद कुमार
ग्राम पं0–रसियावल खुर्द
वि0 खंड–लोटन बाजार
जनपद–सिद्धार्थनगर

कार्यालय : ग्राम पंचायत–शिवपतिनगर
विकास खण्ड–नौगढ़ जनपद–सिद्धार्थनगर

–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 18.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 18.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **शिवपतिनगर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 2000 (दो हजार) रुपये होगी।

नियम व शर्त :–1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २. २४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **शिवपतिनगर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **शिवपतिनगर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **शिवपतिनगर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
अनारकली
ग्राम पं0–शिवपतिनगर
वि0 खंड–नौगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

सचिव
अंबुजा जायसवाल
ग्राम पं0–शिवपतिनगर
वि0 खंड–नौगढ़
जनपद–सिद्धार्थनगर

सभासद प्रत्याशी गुड़िया गुप्ता ने किया नामांकन दाखिल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

फरेंदा,महराजगंज। नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नंबर 4 से सभासद प्रत्याशी गुड़िया गुप्ता पत्नी बृजेश गुप्ता ने भारी जन समर्थन के साथ नामांकन दाखिल किया है। गुड़िया गुप्ता पत्नी बृजेश गुप्ता ने विकास को मुद्दा बताते हुए वार्ड के विकास के लिए तत्पर बताई। उन्होंने कहीं कि वह

अपने वार्ड को विकास की मुख्य धारा से जोड़ कर रोजगार के अवसर और सरकारी योजनाओं के साथ ही अन्य विकास के अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने कहीं कि वार्ड का विकास ही उनकी मुख्य ध्येय है। हम वार्ड वासियों की सुख दुख में सदैव साथ रह कर वार्ड का विकास करने के लिए कृत संकल्पित रहूंगी जिससे वार्ड वासियों का भरपूर विकास हो सके हम जी जान से लगे हैं। उन्होंने जनता से विकास के नाम पर वोट देने की अपील की हैं।

दीवानी न्यायालय मे होगी 20 अप्रैल को दुकानो की नीलामी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित कैन्टीन फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या–02 जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, भूजा की दुकान व पान की दुकान की पुनः नीलामी दिनांक–20.04.2023 समय अपराह्न 01:30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है। जिस किसी को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी अध्यक्ष नीलामी समिति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अशोक कुमार–नवम द्वारा दिया गया है।

भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। सोनभद्र नगर के मां शीतला धाम के समीप स्थित दुग्ध

ोश्वर महादेव मंदिर पर शुक्रवार की देर शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन मंदिर समिति द्वारा कराया गया। जिसमे अतिथि के रूप में सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व सांसद छोटे लाल खरवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाहगंज से आई प्रिंस जागरण मंच की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भगवान भोलेनाथ मां पार्वती और हनुमान जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसे सुनकर वहां उपस्थित श्रद्धालु गण मंत्रमुग्ध हो गए और भगवान शिव मां पार्वती की जय कारे लगाने लगे। वही भगवान शिव माता पार्वती और हनुमान जी के वेश में सजे झांकी कलाकारों ने अपने सुंदर अभिनय से वहां उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया जोकि आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता, मनोज सोनकर, राम जी मोदनवाल, मंगल केसरी, राजेश जायसवाल, किशोरी केसरी, सचिन गुप्ता, पवन केसरी, गोविंद केसरी, चंदन, प्रियांशु, हर्ष केसरी, नीरज, अनिकेत, अमन, अनुराग, अमित, विक्की, सोनू, मनोज केसरी, नंदलाल, अशोक, राजेश प्रसाद, संतोष बृजेश, गोपाल, हरिहर, रिशु, उमेश केसरी, सरोज, शालू, संगीता, मंजू गिरी, चंद्रकला, कलावती, गुड़िया, सावित्री देवी सहित भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया।

पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम देवहार व नौडीहा के जंगलों में मय पीएसी सघन कम्बिंग की गयी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के नेतृत्व में थाना मॉची

पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम देवहार व नौडीहा के जंगलो में की गयी सघन काम्बिंग तथा इसी प्रकार थाना रायपुर पुलिस, थाना विण्ढमगंज पुलिस व चौकी अमवार पुलिस द्वारा की गयी सघन कांम्बिंग। सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना मॉची पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम देवहार व नौडीहा के जंगलों में मय पीएसी सघन कॉम्बिंग की गयी। इसी प्रकार थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बुटबेढवा व सलैयाडीह के जंगलो में, थाना रायपुर पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के जंगलो में तथा चौकी अमवार पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के ग्राम भीसुर व गोहणा के जंगलो में सघन काम्बिंग की गयी काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।

ससुराल वालों का देहातीपन पसंद नहीं थी टॉपर पद्मा को

फेसबुक पर लड़कियों की तस्वीर देखना नागवार था, अक्सर होता था विवाद

बरहज। उग्रसेन पुल से बुधवार को बेटी संग नदी में छलांग लगाकर जान देने वाली पदमा के मायके वाले उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले हैं। बीएससी टॉपर रही पदमा की मां एमए और बहनें एमए, बीएड कर चुकी हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। पढ़ने में शुरू से मेधावी होने के नाते हाव–भाव शहर के वाशिंदे की तरह रहता था, जबकि पति सहित ससुराल के लोग कम पढ़े–लिखे देहाती अंदाज वाले हैं। शादी के बाद से ही वह ग्रामीण परिवेश में चली गई, जहां अपने ठीक से ढाल नहीं पाई। उसकी बुआ जामवंती देवी ने बताया कि पति के चरित्र पर वह शक करती थी। पूरे परिवार का व्यवहार उसके प्रति अच्छा नहीं था। कपरवार गांव निवासी जनार्दन तिवारी की बेटी पदमा उर्फ वर्षा की शादी 2016 में बढ़या फुलवरिया गांव निवासी सत्यप्रकाश तिवारी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही यह बात पदमा के मन में जरूर थी कि वह जिस पढ़े लिखे परिवेश में पली–बढ़ी थी। पदमा के भाई प्रभुनाथ ने बताया कि बहन की ससुराल का माहौल ठीक नहीं था। सभी इंटर तक की पढ़ाई किए हैं। पति के फेसबुक पर कुछ लड़कियों की तस्वीर देखकर बहन को नागवार गुजरता था। वह हमेशा पति के चरित्र पर शक करती थी। यहां तक जिस दिन सत्यप्रकाश बच्चे को लेने के लिए पदमा के पास हमारे घर आए थे उस दिन भी दोनों के बीच तकरार हुई थी। बेटा लेकर वह चले गए और यह मैसेज पदमा के पास पहुंचा कि अब तुम्हें मायके में ही रहना है, इससे वह आहत हो गई थी। जैसे दोनों की शादी बेमेल हो गई थी, ऐसा हम लोग भी महसूस करने लगे थे। मोबाइल में पड़े कई मैसेज से प्रमाण मिलता है कि प्रताड़ित थी। इसके कारण उसने बुधवार को नदी में कूद कर अपनी बेटी संग जान दे दी।

उग्रसेन सेतु से 24 से अधिक लोगों की जा चुकी है जानः बरहज। कपरवार गांव मायके आई पदमा ने बुधवार को उग्रसेन सेतु से दुधमुंही बच्ची आराध्या को नदी में फेंक कर नदी में छलांग लगा दिया। इससे दोनों की मौत हो गई। पुल से छलांग लगाकर अब तक 24 से अधिक महिला–पुरुष जान गंवा चुके हैं। सुसाइड प्वांइट बने उग्रसेन सेतु की जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। हालांकि विगत वर्षों से लोगों की मांग पर तत्कालीन डीएम अनीता श्रीवास्तव ने पुल के दोनों तरफ रेलिंग के ऊपर लोहे की जाली लगवाने का निर्देश दिया था। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अंतर्जनपदीय मार्ग पर बने उग्रसेन सेतु के दोनों तरफ पुलिस चौकी बनाई गई है। बावजूद लोग अक्सर भावावेश में नदी में कूदकर जान दे देते हैं। चार वर्ष पूर्व एक जुलाई को भठ्ठा गांव निवासी सोनू सिंह, मदनपुर के मनिहरपुर गांव की चानमती देवी, एक अज्ञात, 2019 में गंगाचक गांव निवासी मनीष, तलौरा की सुधा, बरहज की सुनीता, करायल की एक युवती सहित दर्जनों की नदी में कूदने से जान जा चुकी है। मौत की बढ़ती घटनाओं के बाद भी पुल के रेलिंग पर दोनों तरफ जाली नहीं लगाई जा सकी है। प्रशासन की ओर से ठोस इंतजाम नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है।

डेढ़ साल से 1 किमी सड़क नही बना पाया पीडब्ल्यूडी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटवा,सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा तहसील के अंतर्गत संग्रामपुर सिसवा बुजुर्ग संपर्क मार्ग से ग्राम सुहिया के लिए पास 1 किलोमीटर सड़क डेढ़ साल से अधिक का समय हो गया लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के उदासीनता के कारण सुहिया गांव की सड़क अभी तक पूरी नहीं हो पाया ,जिम्मेदार अफसर ध्यान देने के बजाय हीला हवाली करते रहे ।बताते चले की ग्रामीणों के लगातार मांग पर ग्राम सुहिया के लिए एक किमी सड़क जिसकी लागत 81लाख 97हजार है जिसका शिलान्यास भी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 4जून 2021को वर्तमान सांसद जगदंबिका पाल व तत्कालीन विधायक चौधरी अमर सिंह की मौजूदगी में कर दिया गया था ,ग्रामीणों को उम्मीद था की जल्द उन्हें बेहतर सड़क मिल जायेगी और उनका गांव पक्की सड़क से जुड़ जाएगा ।लेकिन विभाग के अधिकारियों ने लगभग 600मीटर सड़क बना कर छोड़ दिया जिसके कारण सुहिया गांव आज तक पक्की सड़क से नही जुड़ पाया ,छेत्र के समाज सेवी राम वृक्ष गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न माध्यम से जिला अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक अवगत कराया जिसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रकार का बहाना कर सड़क बनाने में आनाकानी करते रहे कभी सड़क के लिए पर्याप्त जमीन की कमी तो कभी धन की कमी तो कभी कुछ लोगों के द्वारा रोके जाने का बहाना बताते रहे। नतीजन जो 600 मीटर सड़क बना था उसकी भी पटरी जगह–जगह से टूट कर उखड़ने लगी उसी 600 मीटर सड़क में बीच में कई जगह तारकोल भी नहीं डाला गया। क्षेत्र के बतौर समाजसेवी जंग बहादुर चौधरी ने विभाग के अधिकारियों की उदासीनता ग्रामीणों की समस्याओं को अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत की जिसमें विभाग के अधिकारियों ने धन की कमी को कारण बताकर सड़क बनाने से पल्ला झाड़ लिया।। बतौर ग्रामीण लवकुश यादव चंदन यादव गुड्डू ,राम लखन ,ह्मीदुल्लाह,स्मीदुल्लाह भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेज कर समस्या से अवगत कराया । आजादी के बाद से आज तक यह गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया है एंबुलेंस आज गांव के अंदर तक नहीं जा पाती है जिससे गांव में बीमार वह गर्भवती महिलाओं को भी तमाम तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यह 1 किलोमीटर पास सड़क ग्रामीणों में हाथ लेकर आया था लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीणों की आस पर पानी फिरता नजर आ रहा है डेढ़ साल से अधिक के समय में 1 किलोमीटर सड़क पूरा नहीं कर पाए पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी , ग्रामीणों ने भी लगातार इसकी शिकायत ट्विटर फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से विभागीय अधिकारियों सहित माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तक अपनी बात समय–समय पर पहुंच जाते रहे लेकिन विभाग के जिम्मेदार हर बार अपनी झूठी कहानी बता कर काम को रोक देते रहे। पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अफसरों का कहना है कि लेखपाल द्वारा नापा गया है जमीन पर्याप्त है जल्द ही प्रयास प्रशासन की मदद से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन आखिर इस सड़क का निर्माण कब होगा कब यह गांव सड़क से जुड़ पाएगा इस तरह के कई सवाल बने हुए हैं।

बीएसए ने शिक्षक सन्दर्शिका के प्रयोग का किया आह्वान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय शनिवार को

यूट्यूब सेशन के माध्यम से जनपद के खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, शिक्षक, शिक्षामित्र ,अनुदेशक से मुखातिब हुए और विद्यालय को निपुण बनाने के लिए शिक्षक सन्दर्शिका के प्रयोग का आह्वान किया। बीएसए ने कहा कि इस वर्ष सत्र के पहले दिन ही बच्चों को पुस्तकें मिल चुकी हैं। शिक्षक सन्दर्शिका बहुत ही उपयोगी हैध और यह सभी विद्यालय को उपलब्ध करा दिया गया हैध। शिक्षकों को सन्दर्शिका के अनुसार गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कार्य करना हैध ऐसा होने से निर्धारित समयसीमा में बच्चे निपुण हो सकेंगे। बीएसए ने डीबीटी कार्य तत्परता से कर जनपद को प्रदेश के टाप पांच जनपदों में सम्मिलित कराने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा किया। एसआरजी अपूर्व श्रीवास्तव ने शिक्षक सन्दर्शिका व ट्रैकर के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। ईएमआईएस इंचार्ज अमित पांडेय ने यू–डायस बच्चों के आधार कार्ड व पीएफएमएस के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

नगवा के आदिवासी गांव सुअर सोत कला में मनाई गई अंबेडकर की जयंती

राष्ट्रीय एकता और न्याय के समर्थक थे अंबेडकर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के

विकाश खंड नगवा के आदिवासी गांव सुअर सोत कला में की भारतीय संविधान निर्माता, आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माता, ज्ञान के दीपक, गरीबो के मसीहा विश्व ज्ञान के प्रतीक डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गइ। एचआरडी कमलेश कुमार ने बताया सामाजिक समानता और समता मूलक समाज के ध्येता थे अंबेडकर। आप ने हर समाज के लोगो की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक परिस्थिति को समझकर एक सूत्र में बा धने के सार्थक प्रयास किए। आज भी आपके बताए गए रास्ते पर हम सभी को चलाते रहना चाहिए जिससे समाज में सामाजिक समानता और समता मूलक समाज की स्थापना हो सके। इसी बीच क्षेत्र पंचायत सदस्य बसंती देवी खरवार ने बताई की हाशिए पर को समुदाय था उसकी आवाज बनाकर अंबेडकर जी ने सफलता पूर्वक कार्य किए। और अयोध्या प्रसाद खरवार ने बताया की आपसी मेल जोल प्रेम मोहब्बत भाई चारा के आप प्रतीक थे आप ने हर संभव भाई चारा प्रेम मोहब्बत की स्थापना के लिए सभी धर्मो को जोड़ने का प्रयास किए। तथा राम जनम जी ने बताया की राष्ट्रीय एकता न्याय और शांति के विचारक थे अंबेडकर। और राजेश्वर, तौहीद अली, आनद, आदि ने बताया की सदी के महान नायक भारतीय विचारक एवम समाज सुधारक के रूप में अंबेडकर जी को सदैव याद किया जाएगा। गरीबो, महिलाओ दलितों, आदिवासियों, एवम पिछड़े वर्गों के उत्थान और सामाजिक कुरुतियो को दूर करने अपना जीवन समर्पित कर दिया और जीवन भर भारतीय समाज की सेवा में जुटे रहे। उन्होंने वंचितों, शोषितों व महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन अर्पण कर दिया और समाज में शांति सद्भाव, प्रेम मोहब्बत मेल जोल,भाई चारा कायम रहे इसके लिए अपने अथक प्रयास किया। और समता मूलक समाज तथा सामाजिक समरसता के आप महा नायक के रूप के माने जाते है। शिक्षा के क्षेत्र में भी आपने सभी को मुख्यधारा में लाने के लिए सदैव कार्य करते रहे। सभी प्रतिभागियों ने अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए दृण संकल्पित हुए।इस बीच सबिता देवी, किरण, सैफुनिष, शिवनारायण, गोविंद, विजयलाल, लक्ष्मी खरवार, आदि सैकड़ों साथियों के प्रतिभाग किए।

प्रवीण कुमार सिंह की मनाई गई पांचवी पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। 1998 बैच के आइपीएस स्वर्गीय प्रवीण कुमार सिंह की

पांचवी पुण्यतिथि सांसद जगदंबिका पाल के कैंप कार्यालय सिद्धार्थनगर में मनाई गई स्वर्गीय प्रवीण सिंह रांची के एसएसपी और डीआइजी रहे थे। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल के दामाद थे। प्रवीण सिंह की पहचान एक तेज–तर्रार आफिसर के रूप में थी इन्होंने रांची शहर को नक्सलियों और कुख्यात अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया। प्रवीण सिंह का नेटवर्क शानदार था और इसी के बूते उन्होंने कई कामयाबी हासिल की। लोगों में वह काफी लोकप्रिय थे कैंप कार्यालय सिद्धार्थनगर में सांसद जी के पुत्र अभिषेक पाल जी के साथ मंडल अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला अखंड पाल प्रिंस शर्मा किशन राय राहुल राय डॉक्टर अरुण प्रजापति रामकरन गुप्ता रमेश पांडे अमरनाथ तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया

प्राथमिक विद्यालय मंगराव में निकाली गई स्कूल चलो रैली

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। भनवापुर विकास क्षेत्र के मंगराव स्थित विद्यालय

में शनिवार को समारोह पूर्वक स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे ग्राम प्रधान राम विलास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इक्कीसवीं सदी की यही पुकार, शिक्षा है सबका अधिकार बच्चे मांगे प्यार दो शिक्षा का अधिकार दो आदि जागरूकता भरे नारे लगाते हुए बच्चों ने गांवों के विभिन्न गलियों से गुजर कर 6–14 आयुवर्ग के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए गांव वालों से अपील की। साथ ही गांव में विभिन्न जगहों पर रुककर विद्यालय में मिलने वाली सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लास, डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये, गर्म पौष्टिक भोजन, फल, डेस्क बेंच, आकर्षक भौतिक परिवेश, एसी क्लासरूम, वाइफ युक्त एवम सीसीटीवी से लैस विद्यालय परिसर की झांकी दिखाते हुए लोगों को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार, सुरभि श्रीवास्तव, राम दयाल, नीरज यादव, दीनानाथ, सियाराम आदि लोग उपस्थित रहे।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन,2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार 16 अप्रैल,2023 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। सार्वजनिक सूचना निर्गत करने के उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 अप्रैल, 2023 को दोपहर 01.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में निर्वाचन से जुड़े समस्त अध्यक्षध्सचिवध्समस्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की जायेगी। आयोजित बैठक में सभी उपस्थिति अनिवार्य की गयी है।

लू हीट वेव न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के संबंध में एडवाइजरी–2023 जारीःअपर जिलाधिकारी

लू (हीट वेव) से बचने के उपाय (क्या करें और क्या ना करें)

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि लू (हीट वेव) न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के संबंध में एडवाइजरी–2023 निर्गत की गई है, जिसमें आई0एम0डी0 मार्च से मई, 2023 के मध्य सामान्य से अधिक होने का पुर्वानुमान व्यक्त करते हुये हीट वेव से बचाव, पूर्व तैयारी तथा प्रतिक्रिया के उपाय अपनाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवष्यक कार्यवाही किये जाने व जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार किये जाने का निर्देषत जाता है भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगाातार तीन दिनों तक वहॉ के सामान्य तापमान से 03 डिग्री से0 या उससे अधिक रहें तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डिग्री से0 तक रहता है तो मानव षरीर पर उसका कोई दुश्प्रभाव नहीं पड़ता है, पर जैसे ही तापमान 37 डिग्री से0 से ऊपर बढ़ता है तो हमारा षरीर वातावरणीय गर्मी को षोशित कर षरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है। गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के सम्पर्क में आने पर लू लगती है। लू कब लगती है– गर्मी में षरीर के द्रव्य बॉडी फल्यूड सूखने लगते हैं, षरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। निम्न स्थितियों में लू की सम्भावना अधिक रहती है– षराब की लत, ह्रदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह। ऐसी कुछ औषधिंया जैसे डाययूरेटिक, एंटीस्टिामिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधिंया। लू (हीट वेव) के लक्षण– गर्म, लाल, षुश्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उल्टे ष्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिर्वतन, भ्रम की स्थिति। सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। उपरोक्त लक्षणें के चलते मनुश्यों के षरीर में निम्नलिखित प्रभाव पड़ता है– उच्च तापमान से षरीर के आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिश्क को नुकसान पहुॅचता है तथा इससे षरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। मनुश्य के ह्रदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होता है। जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री से0 105 डिग्री एफ0 या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं, तो उनके मस्तिश्क में क्षति होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है।लू (हीट वेव) से बचने के उपाय (क्या करें और क्या ना करें)– क्या करें– प्रचार माध्यमों पर हीट वेवध्लू की चेतावनी पर विशेष ध्यान दें, विशेष रूप से गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टी0वी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगा हो, तो भी पानी पिये ताकि षरीर मे पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकें। हल्कें रंग के पसीना षोशित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। ध्ूप में गमछे, चष्में, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवष्य करें। अगर आप खुले में कार्य करतें हैं तो सिर, चेहरा, हाथ–पैरों को गीले कपड़े से ढ़के रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवष्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तमाल न करे, यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओ0आर0एस0 घोल घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, जिससे कि षरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगें, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्ष लें। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा षामध्् रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल कर रखें (अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए)। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार अवष्यकतानुसार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें और उसका नियमित उपयोग करते रहें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोषनी में जाने से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करनेध्कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढ़ायें। गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त एवं विशेष ध्यान रखें। क्या ना करें– धूप में खडें वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को धूप न छोडें। कड़ी धूप (खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक) के बीच सूर्य की रोषनी में जाने से बचें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र ना पहने इससे से बचें। जब गर्मी का तापमान ज्यादा हो तो श्रमसाध्य कार्य न करें। नषीले पदार्थ, षराबध् अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें। आप से अपेक्षित है कि अपने–अपने स्तर से लू (हीट वेव) से बचाव हेतु एडवाइजरी–2023 का पालन करें।

डा0 भीमराव अंबेडकर के साथ फुले एव सम्राट अशोक की मनाई जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी के सिंगरौली जिलाध्यक्ष पिन्टू लाल कुशवाहा की अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सम्बिधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के साथ महात्मा

ज्योतिबाराव फुले एव महान सम्राट अशोक की जयंती जिला सिंगरौली के नवानगर में स्थित सामुदायिक भवन में धूमधाम से मनाया। जयंती समारोह को सम्बोधित करती हुई मुख्य अतिथि मा0 सुषमा मौर्य राष्ट्रीय महासचिव जन अधिकार पार्टी ने कहा कि बाबा साहब ने भगवान बुद्ध की विचारधारा एव सम्राट अशोक के शाशन काल पर आधारित सम्बिधान भारतवाशियो को सौप बहरो को कान अंधो को आँख तथा करोङो शोषितों का जीवन सवारने वाले सामाजिक समरसता एवं कर्तब्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति ज्ञान के अथाह सागर महामानव बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी पूरी दुनिया के मिशाल बन गए वही प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान कलिंग विजय प्राप्ति के बाद बौद्ध धम्म को स्वीकार कर अपने पुत्र एव पुत्री को धम्म प्रचार – प्रसार के लिए श्रीलंका सहित दुनिया के तमाम देशों में भेजा व अपने साशन काल के दम पर प्रियदर्शी कहलाए व बौद्ध धम्म को पूरी दुनिया मे स्थापित किया। राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फुले जी के अथक प्रयास से देश के सभी वर्गों की महिलाओ को शिक्षा का अधिकार प्राप्त हुआ जिसके कारण आज महिलाए किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही है। अंत मे मुख्य अतिथि ने कहा कि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चाहत है कि देश मे सम्राट अशोक का शासन पुनः स्थापित हो व बाबा साहब का लिखा हुआ सम्बिधान पूर्ण रूप से लागू हो जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान दिख सके। जयंती समारोह को जन अधिकार पार्टी के वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य, सिंगरौली के जिला प्रभारी अवनीश सिंह कुशवाहा महात्मा फुले फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष लालबाबू कुशवाहा रितेश गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पंकज कुशवाहा नन्दू सिंह रामकेश्वर कुशवाहा सहित अनेको लोग मौजूद रहे। संचालन रामकेश्वर कुशवाहा ने किया।

श्रम का पलायन रोकने तथा विकास हेतु पूर्वांचल राज्य बनाने की मांग–पवन कुमार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर

रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा द्वारा अलग पूर्वांचल राज्य को लेकर–लक्ष्य कैंपस, भूमि विकास बैंक प्रांगण, निराला नगर रावटसगंज, सोनभद्र में दिन के 11:00 बजे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष काकू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रवासी पूर्वांचली प्रकोष्ठ के हरिद्वार निवासी राष्ट्रीय संयोजक शिवेशवर पांडेय दि ग्राम टुडे समूह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक की सभी सरकारों में पूर्वांचल का दबदबा रहने के बावजूद इस हिस्से की खूब उपेक्षा हुई है। यहां उद्योग,पर्यटन,कृषि आदि की अनंत संभावनाएं है लेकिन यहां का श्रम दूसरे प्रदेशों को जाता है जिसे यहां का विकास बिना अलग राज्य के मिल पाना संभव भी नहीं है। अभी भी पूर्वांचल की आबादी कई प्रदेशों की आबादी से भी अधिक है लेकिन विकास के मामले में काफी पीछे हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने उप्र के विभाजन की बात तब कही थी जब इस प्रदेश की आबादी मात्र 6 करोड ही थी। आज आबदी 23 करोड के पार है तो कम से कम इसका तीन प्रदेशों में विभाजन न केवल वक्त की मांग है। प्रवासी पूर्वांचली प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक शिवेशवर पांडेय जी ने कहा कि देश–विदेश में जितने पूर्वांचल के लोग बसे हुए हैं सभी से अलग पूर्वांचल के लिए उनका ध्यान आकृष्ट कराना होगा तथा उनसे सहयोग भी लेना होगा। मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एके खरे ने कहा कि पूर्वांचल की आबादी की बात करें तो असम गुजरात हरियाणा जम्मू–कश्मीर, कर्नाटक केरल सहित कई प्रदेश ऐसे हैं जिनकी आबादी पूर्वांचल के 27 जिलों की कुल आबादी से कम है। इस अविकसित क्षेत्र की आबादी करीब सवा नौ करोड़ है और यहां प्रति वर्ग किमी 7.55 व्यक्ति का भार है। यूपी के बुद्धिजीवी भी मानने लगे हैं कि इतने बड़े सूबे में बेरोजगारी स्वास्थ्य संकट गरीबी उच्च शिक्षा के अभाव आदि से निपटने के लिए यूपी का बंटवारा ही एक उपाय है। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने किया। इस अवसर पर एड मनीष रंजन रामगोपाल दुबे, एड अशोक कनौजिया संतोष चतुर्वेदी, पवन कुमार द्विवेदी एड सुनील शर्मा दीपनारायण पटेल ललित चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटीजन कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा,सोनभद्र। नगर

के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में भारतीय प्रतिभूति बाजार संस्थान व एक्सिस बैंक के निगमिय सामाजिक दायित्व के अंतर्गत दो दिवसीय फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटीजन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके कोआर्डिनेटर डॉ संतोष कुमार सैनी व एंकर फैकेल्टी उपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तिगत वित्त के प्रति जागरूकता, प्रतिभूति बाजार में विनियोग के प्रति जागरूकता, प्रतिभूति बाजार में विनियोग के जोखिम व उनसे बचाव के प्रति जागरूकता, वित्तीय सेवा से जुड़े उद्योगों में कैरियर के अवसर, वित्तीय क्षेत्र से जुड़े स्वरोजगार के अवसर तथा विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए जागरूक करना था। उद्घघाटन के अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने सभी को बध्ाई देते हुए कहां कि इस तरह की कार्यशाला छात्र छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होती है तथा ऐसी कार्यशाला समय–समय पर महाविद्यालय में आयोजित की जाती है जिससे छात्र छात्राओं का विकास हो सके। कार्यशाला में डॉ विकास कुमार ने छात्र छात्राओं को बचत करने, बजट बनाकर खर्च करने, विनियोग, विनियोग से जुड़े सभी पहलुओं, प्रतिभूति बाजार, प्राथमिक बाजार द्वितीयक बाजार, म्यूच्यूअल फंड्स, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान, एक्टिव एंड पैसिव फंड ट्रेडिंग अकाउंट व डिमैट अकाउंट, तथा राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। जिससे छात्र–छात्राएं अपना कैरियर अच्छा बना सकते। इस कार्यालय में 55 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया कार्यशाला में सभी प्राध्यापक व कर्मचारी गण मौजूद रहे। उपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यशाला के अंत में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान द्वारा सभी रजिस्टर्ड छात्र–छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

सुलह समझौता केन्द्र में मध्यस्था से पति एवं पत्नी एक दूजे के साथ प्रेमवत रहने को हुए राजी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यजीत पाठक (पूर्णकालिक) ने जानकारी दी है कि आज कुटम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा अपने न्यायालय में लम्बित प्रकरण को सुलह समझौता केन्द्र संदर्भित किया गया, सुलह समझौता केन्द्र संदर्भित में विद्वान मध्यस्थ राधेश्याम पाण्डेय के विद्वत हस्तक्षेप एंव कुशल नेतृत्व में पक्षकारों (पति राकेश एंव पत्नी कुमारी देवी) के मध्यस्थ सुलहवार्ता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई दोनो पक्ष सर्वसम्मति से एक दूसरे के साथ प्रेमवत रहने के साथ अपने–अपने मुकदमे न्यायालय से वापस लेने के आधार पर संधि किया गया। सफलतापूर्वक इस कार्य को निष्पादित करने के लिए अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र अशोक कुमार यादव प्रथम द्वारा दोनों पक्ष एंव मध्यस्थ राधेश्याम पाण्डेय को शुभकामनायें दी।

नगरीय निकाय को लेकर अधिकारियों के साथ की गयी बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र

निष्पक्ष एंव शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी, बैठक के दौरान मुख्य विकार अधिकारी सौरभ गंगवार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है इस निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु जिन भी अधिकारियो को जो भी जिम्मेदारी सौपी गयी है वह निर्धारित समय अवधि में उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री सहदेव कुमार मिश्र प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0) ने निर्वाचन से सम्बन्धित अधिकारिगण द्वारा अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन से सम्बन्धित जो भी जिम्मेदारी मिली है उसे अति शीघ्र पूर्ण कर ले। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) श्री आशुतोष दूबे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगरूप पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री विशाल सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री गौरीशंकर शुक्ला, उप कृषि निदेशक अधिकारी डी0के0 गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला अल्प संख्यक अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई,2023 को होना है लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन के सम्बन्ध में प्रभारी सचिव पूर्ण कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सत्यजीत पाठक की अध्यक्षता में बैठक की गयी, बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सचिव महोदय ने निर्देशित करते हुए कहा कि अगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाना है जिसके लिए सभी को मिल जूलकर प्रयास करना होगा। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान व अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि वह अपने–अपने विभागों से सम्बन्धित निस्तारण योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास करेगें। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने कहा कि अपने विभाग से सम्बन्धित निस्तारण योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर निस्तारण कराया जायेगा और राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जायेगा जिससें की अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निस्तारण करा सकें।

■ कोविड के मामले निकलने पर सीएमओ ने की अपील
■ प्रिकाशनरी डोज से ही मिलेगा कोविड से संपूर्ण प्रतिरक्षण

हत्या के दोषी कृष्णदेव राय को उम्रकैद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए पंकज किशोर दुबे हत्याकांड के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी कृष्णदेव राय को उम्रकैद व 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक झारखंड प्रांत के पलामू जिला अंर्तगत डाल्टेनगंज थाना क्षेत्र के चेयरमैन रोड हमीरगंज निवासी प्रशांत कुमार दुबे ने पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उनके बड़े भाई पंकज कुमार दुबे वर्तमान में ओम लाइंस ट्रांसपोर्ट रेणुकूट में कार्य करते थे। वे शर्मा पेट्रोल पंप के सामने सियाराम सिंह के मकान में किराए पर रहते थे। 15 नवंबर 2019 को रात्रि 10 बजे मेरे बड़े भाई की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस तहरीर पर 16 नवंबर 2019 को अज्ञात में एफ आई आर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में बिहार प्रांत के बक्सर जिला अंतर्गत राजपुर थाना क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी कृष्णदेव राय पुत्र विंध्याचल राय के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी कृष्णदेव राय को उम्रकैद व 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

नेल पॉलिश को सुखाने में नहीं लगेगा अधिक समय, आजमाएं ये 5 तरीके

यदि आप अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाना पसंद करती हैं, लेकिन इसके सूखने का इंतजार करना परेशानी का कारण बनता है। वैसे तो इसके लिए आजकल बाजार में मेल पॉलिश ड्रायर जैसे उपकरण मौजूद हैं, लेकिन अगर आप इनमें निवेश नहीं करना चाहती हैं तो घर पर ही कुछ घरेलू नुस्खे या ट्रिक्स आजमा सकती हैं। आइए आज हम आपको नेल पॉलिश को जल्दी सुखाने के लिए 5 आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं।

ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक कटोरे में ठंडा पानी भर लें और उसमें कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर एक तरफ रख दें। अब नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने के बाद हाथों को ठंडे पानी में 2–3 मिनट तक डुबोकर रखें। जब आप अपने हाथों को कटोरे से निकालेंगे तो आप देखेंगे कि आपके नाखूनों की सतह पर पानी बह रहा है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि नेल पॉलिश पूरी तरह से सूख चुकी है।

ब्लो ड्रायर आएगा काम

सबसे पहले अपने हेयर ड्रायर को कूल–सेटिंग पर सेट करें। इसके बाद एक बार जब आप अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगा लें तो ड्रायर को अपने नाखूनों के चारों ओर 2 से 3 मिनट के लिए गोलाकार गति में घुमाएं। बहुत अधिक बल का प्रयोग न करें या इसे अपने नाखूनों के बहुत करीब न पकड़ें क्योंकि इससे नेल पॉलिश खराब हो सकती है। हर महिला के पास ये नेल पॉलिश शेड्स का जरूर चयन करना चाहिए।

कुकिंग ऑयल या हेयरस्प्रे भी है प्रभावी

कुकिंग ऑयल का एक छिड़काव नेल पॉलिश सुखाने के समय में कटौती करने का एक शानदार तरीका है। लाभ के लिए अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाएं और 2–3 मिनट रूककर इस पर कुकिंग ऑयल छिड़कें। कुछ मिनट प्रतीक्षा करें और अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। वैकल्पिक रूप से, आप हेयरस्प्रे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर इन 5 तरीकों से हेयरस्प्रे बनाएं।

ड्राय स्प्रे और ड्रॉपर है कारगर

यह भी नेल पॉलिश सुखाने का आसान तरीका है। नेल पॉलिश सुखाने वाले स्प्रे या बूंदों का उपयोग न केवल नेल पॉलिश को तेजी से सुखाने में मदद करते हैं बल्कि आपके नाखूनों को सुपर शाइनी भी बनाते हैं। ये उत्पाद आपके क्यूटिकल्स के आसपास की त्वचा को पोषण देने और कंडीशन भी करते हैं। स्वस्थ नाखूनों के लिए हॉट ऑयल मैनीक्योर का चयन करें।

नेल पॉलिश का एक कोट लगाएं: आप अपने नाखूनों पर जितने ज्यादा नेल पॉलिश का कोट लगाएंगे, इसे सुखाना उतना ही मुश्किल होगा। मोटी परतों के विपरीत अगर नेल पॉलिश का एक कोट लगाया जाए तो यह जल्दी सूख जाता है। हालांकि, इससे आपको नेल पॉलिश की सही फिनिशिंग नहीं मिल पाएगी, इसलिए नेल पॉलिश के 2–3 कोट लगाने के बाद इन पर ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश लगाना सही रहेगा।

पिंक आउटफिट में कहर बरपाती नजर आईं अदिति बुधाथोकी, ग्लैमरस अंदाज बना देगा आपको दीवाना

इन दिनों जयपुर में अपनी छुट्टियां एंजॉय कर रही एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी बेहद ही स्टाइलिश पोज देती नजर आ रही हैं।

उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। पिंक कलर के आउटफिट में स्विमिंग पूल के किनारे एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी बेहद ही ग्लैमरस और बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया के साथ ही एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी पंजाबी और भोजपुरी फिल्मों में भी अपने हुस्न का जलवा बिखेर चुकी हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी सोशल मीडिया पर अपनी निजी और प्रोफेशनल तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं। अदिति बुधाथोकी अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी की ग्लैमरस अदाएं फैंस के दिलों पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी ने लेटेस्ट तस्वीरों में अपनी ऐसी किलर स्माइल दी, जिसे देखकर फैंस भी अपना दिल हार बैठे हैं। अदिति बुधाथोकी अपने ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज से फैंस को दीवाना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस अदिति बुधाथोकी के इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फैंस हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोगीरा सारा रा रा का टीजर रिलीज, पहला लुक भी हुआ जारी

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते काफी दिनों से अपने प्रोफेशनल लाइफ से नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ से सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, उनका अपनी पत्नी आलिया से विवाद चल रहा है। इसी बीच नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग फिल्म जोगीरा सारा रारा से अपडेट आया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट अनाउंस की है। फिल्म जोगीरा सारा रारा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा नजर आएंगी। आइए जानते हैं ये फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देने वाली है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की फिल्म जोगीरा सारा रारा का पोस्टर सामने आ गया है जो काफी दिलचस्प है। फिल्म के पोस्टर पर स्टारकास्ट नजर आ रही है जिसे देखकर अंदाज लगाया जा सकता है कि ये रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। फिल्म जोगीरा सारा रारा 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा की फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस फिल्म का टीजर भी रिलीज किया गया है।

कुशन नंदी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म जोगीरा सारा रारा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा के अलावा संजय मिश्रा, जरीना वहाब और महाक्षय चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म जोगीरा सारा रारा को गालिब असद भोपाली ने लिखा है। इस फिल्म के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। वह अफवाह, अद्भुत, टीकू वेड्स शेरू, नूरानी चेहरा, बोले चूडियां और संगीन जैसी फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म होरीपंती 2 में दिखाई दिए थे।

फिल्म कैनेडी से सनी लियोन का फर्स्ट लुक जारी, राहुल भट्ट की भी दिखी झलक

अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी कान्स फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। अब कैनेडी से सनी लियोनी

और राहुल भट्ट का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है, जिसमें दोनों कलाकार अलग अवतार में दिखाई दे रहे हैं। जहां सनी का लुक अमीर महिला जैसा दिखता है, वहीं राहुल हाथों में बंदुक लिए दिखाई दिए। इन तस्वीरों को श्वश्व5 ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन किए जाने की खबर से सनी बेहद खुश हैं। हाल ही में उन्होंने इसके लिए अनुराग का शुक्रिया अदा किया। सनी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुझे इस शानदार पल पर यकीन नहीं हो पा रहा है। मेरे पूरे करियर का यह सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। फिल्म कैनेडी में सनी के अलावा राहुल भट्ट, अभिलाष थपलियाल भी अहम भूमिका में हैं। बता दें कि सनी लियोनी इस फिल्म में अहम रोल में हैं। कैनेडी मिडनाइट स्क्रीन सेक्शन के लिए चयनित की गई है। कांस फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी इस बात की जानकारी साझा की गई है। उन्होंने लिखा है, अनुराग कश्यप की कैनेडी का चुनाव किया गया है। बता दें कि कांस फिल्म फेस्टिवल 16 मई से 27 मई तक होने वाला है। इस फिल्म को लेकर अनुराग कश्यप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैं हमेशा से एक्सप्लोर करना चाहता था। बता दें कि अनुराग कश्यप की पिछली फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत थी। इसमें अलाया फर्नीचरवाला और करण मेहता की अहम भूमिका थे। यह फिल्म 3 फरवरी को रिलीज हुई थी।

पेट की गंदगी को साफ कर देगा अनानास के छिलके का डिटॉक्स ड्रिंक, ये है रेसिपी

चटपटे और ज्यूसी फ्लेवर के वजह से लोग खूब चाव से पाइनएप्पल या अनानास का फल खाना पसंद करते हैं। हम जब भी पाइनएप्पल खाते हैं तो सबसे पहले इसका छिलका उतारकर फेंक देते हैं। लेकिन शायद ही आप जानते होंगे कि जिन छिलकों को आप कचरा समझकर फेंक देते हैं, दरअसल उन छिलकों में विटामिंस और एंटीऑक्सीडेंट का भरपूर खजाना होता है। जी हां, आपने हमें सही सुना पाइनएप्पल के खुरदरे और मजबूत बाहरी हिस्से को आपके कचरे के डिब्बे में फेंकने के बजाय आप इससे एक स्ट्रॉन्ग डिटॉक्स वाटर तैयार कर सकते हैं। अनानास के फल और छिलके में विटामिन सी होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। गर्मियों में पाइनएप्पल के छिलकों से बना डिटॉक्स वाटर न सिर्फ आपके पेट की सफाई करेगा बल्कि आपके बालों और स्किन को हेल्दी बनाएं रखेगा।

स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड्स और बीटा–कैरोटीन एंटीऑक्सीडेंट पाएं जाते हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट हानिकारक विषाक्त पदार्थों को निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। पाइनएप्पल के छिलके में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को घटाकर हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। दांतों और मसूड़ों के लिए गुणकारी पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी की मात्रा खूब होती है, जो इम्यूनिटी मजबूत करने के साथ ही शरीर को संक्रमण से लडने में मदद करता है। विटामिन सी मसूड़ों की बीमारी से बचाव करते हुए दांतों के इनेमल को मजबूत रखकर कैविटी को रोकने में मदद करता है। जिससे समय के साथ दांत खराब हो जाते हैं। पाइनएप्पल में खूब पानी होता है जो हाइड्रेटेड रखने के साथ अपके ओरल हेल्थ को भी प्रमोट करता है। पेट साफ करके वजन घटाएं उबले हुए पाइनएप्पल के छिलके के पानी में बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन में सहायता करता है और जिससे आपका पेट भरा हुआ रहता है। अनानास के छिलके में मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को साफ करके और नियमितता को बढ़ावा देकर शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है। हड्डियों को मजबूत करता है अनानास के छिलके में मैंगनीज और बीटा कैरोटीन मौजूद होते हैं, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करती है और इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। स्किन, हेयर और नाखूनों को रखता है हेल्दी अनानास के छिलके को उबालकर पीने से आपकी रंगत में निखार आता है और ग्लोइंग मिलती है। अनानास के छिलके में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट आपके बालों और नाखूनों के लिए भी फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये फ्री रेडिकल डैमेज से बचाने के साथ ही यूथफूल स्किन मैंटेन बनाए रखता है। ऐसे बनाएं डिटॉक्स ड्रिंक एक बड़े अनानास के सभी छिलकों को छिलकर एक सॉस पैन में पानी के साथ अनानास के कुछ टुकड़ों के साथ डुबा दें, और फिर इसे 25 से 35 मिनट के लिए धीमी आंच पर उबलने दें। आंच बंद कर दें और इस ड्रिंक को छानने से पहले इस मिश्रण को और 30 मिनट के ऐसे ही रहने दें। इसके बाद इसमें चाहे तो कोई स्वीटनर मिलाकर इसे पी सकते हैं।